सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
22.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, दशमी/एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 159



12 पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### विनोद हांसदा के घर पहुंची सीबीआइ टीम

**रांची।** सीबीआई की साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले की जांच तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रही। सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने भवानी चौकी स्थित विजय हांसदा के घर पहुंच कर जानकारी हासिल की है।

### पंजाब के कबीना मंत्री को 2 साल की सजा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को एक पुराने मामले में दोषी ठहराते हुए अदालत ने उनके 9 साथियों के साथ आइपीसी की धारा 452 के तहत दो साल और धारा 323, 148,149 आईपीसी के तहत एक साल और 5 हजार रुपये की सजा सुनायी है।

### इडी के समन को एके ने बताया गैरकानूनी

**नयी दिल्ली।** एक्साइज पॉलिसी मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी ईडी का समन गैरकानूनी है। ईडी को इसे वापस लेना चाहिए। कहा कि मेरे पास छिपाने को कुछ नहीं है।

### झारखंड : चीफ जस्टिस संजय मिश्र को दी विदाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र को महाधिवक्ता कार्यालय में फेयरवेल दिया गया। हाई कोर्ट के परिसर में गुरुवार को चीफ जस्टिस को ससम्मान विदाई दी गयी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रांची, कोडरमा और चास के एसडीओ बदले

■ उत्कर्ष बने रांची के नये एसडीओ

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची, कोडरमा और चास के एसडीओ को बदल दिया है। वहीं पदस्थापन की प्रतीक्षा कर 8 आईएएस अधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गयी है। कार्मिक विभाग की ओर से तीनों अनुमंडल में एसडीओ समेत सभी 11 आईएएस अधिकारियों की पोस्टिंग कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार उत्कर्ष कुमार को कुमार रांची सदर का नया एसडीओ बनाया गया है।

### देवेगौड़ा एवं उनके पुत्रों ने मोदी से की मुलाकात

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (सेक्युलर) अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा एवं उनके पुत्रों ने पीएम मोदी से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति विधेयक को संसद की मुहर

नयी दिल्ली 21 दिसंबर (वार्ता) मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं पदावधि) विधेयक पर गुरुवार को लोकसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। राज्यसभा इस विधेयक को 12 दिसंबर को पारित कर चुकी है।

## शीतलहर का कहर, 26 से 31 तक सभी स्कूल बंद

### शिक्षा विभाग ने सभी कोटि के स्कूलों को जारी किया आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा सुबह के वक्त स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रहा है। इसे देखते हुए राज्य के सभी स्कूलों को 26 से 31 दिसंबर तक बंद करने का आदेश दिया गया है। इसे लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें बताया गया है कि शीतलहरी के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए स्कूलों को बंद किया जा रहा है।

सरकारी, गैर सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सरकारी सहायता प्राप्त समेत सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कक्षा दस से 12वीं तक की कक्षाएं स्कूल अपनी आवश्यकता अनुसार ले सकते है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।



#### 10वीं से 12वीं तक की कक्षा को छूट

विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10वीं से 12वीं तक की कक्षा का संचालन करने की छूट होगी। कड़ाके की ठंड को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने 21 से ही स्कूलों को बंद कर दिया है। ऐसे समय में सर्दी से बचने के तमाम उपाय की सलाह दी गयी है।

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सदन में बोले हेमंत

# कार्यकाल भी पूरा करेंगे और फिर 2024 में सरकार बनायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का गुरुवार को समापन हो गया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। इससे पहले सीएम हेमंत सोरेन ने सदन में राज्य सरकार स्तर से किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। अबुआ आवास, सीएम रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले स्कीम, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, केसीसी सहित अन्य योजनाओं का विशेष उल्लेख किया। कहा कि 29 दिसंबर को सरकार हजारों नियुक्ति पत्र बांटेगी। कहा कि राज्य सरकार जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में है।

**निश्चित रहिये फिर आयेंगे :** सीएम हेमंत ने सदन कहा, निश्चिंत रहिये सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। यही सरकार फिर सरकार बनायेगी। कहा कि राज्यपाल की मदद से विपक्ष सरकार को हिलाने-डुलाने का काम करता है, जो कभी सफल नहीं होगा। सरकार बनने के चंद घंटे बाद से ही विपक्ष इसे गिराने का षड्यंत्र करता रहा है।

(शेष पेज 11 पर)



- ओबीसी आरक्षण पर राज्यपाल से मिलेंगे
- जातिगत जनगणना के पक्ष में है राज्य सरकार

#### हम वो मुसाफिर नहीं जो बाधा देख कर चलना छोड़ दें

सीएम ने कहा कि राज्य की बागडोर मिलते ही विश्वव्यापी महामारी ने हमें भी घेरा। इतनी विपत्ति आने के बाद भी इस सरकार ने किसी गरीब को भूख से मरने नहीं दिया। सबका ख्याल रखा। आज कमोबेश घाटे के बजट के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। आपकी सरकार विकास की इतनी लंबी लकीर खींच देगी कि विपक्ष कभी उसे छू भी नहीं सकेगा। सबसे अधिक विपक्ष को ही सरकार चलाने का मौका मिला, जिसमें कोई विकास नहीं हुआ। कुछ समय के बाद जब हम युवा राज्य की स्थिति में रहेंगे तब क्या सशक्त युवा राज्य झारखंड को बोला जा सकता है। उन्होंने कहा, विपक्ष हमेशा डराने और गिराने का प्रयास करता है, पर हम वो मुसाफिर नहीं जों बाधा देख कर चलना छोड़ दें।

#### ऐतिहासिक रहा सत्र : स्पीकर

अंत में स्पीकर ने कहा कि शीतकालीन सत्र छोटा था पर ऐतिहासिक रहा। स्थानीयता से संबंधित महत्वपूर्ण विधेयक और कुल पांच विधेयक आये और पास हुए। 90 फीसदी उत्तर आया। उन्होंने कहा, सदस्यों को चाहिए कि वे सदन में सकारात्मक रवैया रखें। राजनीतिक कारणों से हो हंगामा, वाद विवाद में समय जाया ना करें। इसके कार्यपालिका भी उच्छृंखल होने लगती है। उसे जिम्मेदार बनाए रखने को पक्ष, विपक्ष सबको साथ आना चाहिए। सदन के सुचारू संचालन में सहयोग के लिए विधानसभा के पदाधिकारियों, कर्मियों, रांची जिला प्रशासन, पुलिसकर्मियों सहित अन्य को धन्यवाद भी दिया।



## हजारीबाग : बंद कमरे में चूल्हा जला कर सोने से चार की मौत

### सात मजदूर सोये थे, दम घुटने से तीन की स्थिति गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/ कटकमदाग।** बंद कमरे में कोयले का चूल्हा जला कर सो रहे सात मजदूरों में से चार की मौत हो गयी। धुएं के कारण बंद कमरे में दम घुटने से तीन लोगों की हालत गंभीर है। घटना हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी की है। सभी श्रमिक बिहार के हैं। ये सभी मजदूर रॉयल हेल्थ इंडिया नामक कंपनी के लिए नेटवर्किंग का काम करते थे। बुधवार की रात बंद कमरे में ठंड के कारण कोयला का चूल्हा जलाकर सो रहे थे। मौत की वजह कमरे में कार्बन डाईआक्साइड गैस का भरना और दम घुटना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इनके साथ काम करने वाले साथी कुणाल यादव ने बताया कि सुबह जब इन लोगों ने दरवाजा नहीं खोला तो दरवाजा तोड़ा गया। कमरे में चार लोग मृत मिले। तीन घायलों को आनन-फानन में आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर गुरुवार की सुबह में एक साथ चार मजदूरों की मौत होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक मजदूरों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

#### मृत श्रमिकों के नाम

मृतकों में राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार और अरमान अली शामिल हैं। वहीं रोहित यादव, राकेश कुशवाह, सलमान खान की हालत गंभीर है। ये तीनों बीमार मजदूर बिहार के बक्सर जिला के रहने वाले हैं। उनका इलाज हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में चल रहा ह। सूचना मिलने के बाद कटकमदाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच कर रही है।

### क्रिमिनल लॉ बिलों को मंजूरी, नये युग की शुरुआत : मोदी

**नयी दिल्ली।** अंग्रेजों के काल से चले आ रहे तीन क्रिमिनल लॉ के स्थान पर लाये गये गये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 विधेयकों को राज्यसभा से भी मंजूरी मिल गयी। लोकसभा ने इसे पहले ही पास कर दिया था। अब इसे कानून का रूप देने के लिए राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा। इन कानूनों को मंजूरी मिलने के साथ राजद्रोह इतिहास बन जायेगा और उसकी जगह देशद्रोह ले लेगा। तीन कानूनों को संसद की मंजूरी मिलने पर पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, यह एक नये युग की शुरुआत है। उन्होंने लिखा, ये विधेयक औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक है।

## पुंछ में बड़ा आतंकी हमला, 4 जवान शहीद

### सेना के जवानों को ले जा रहे दो वाहनों पर फायरिंग

एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में गुरुवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ है। राजौरी सेक्टर के थानामंडी इलाके में दो सैन्य वाहनों पर हुए आतंकवादी हमले में चार जवान शहीद हो गये। तीन अन्य जवान घायल हैं। आतंकियों ने पुंछ में सेना की गाड़ी पर घात लगाकर फायरिंग की। एक महीने से भी कम समय में इस क्षेत्र में सेना पर यह दूसरा आतंकी हमला था। घात लगाकर किये गये इस हमले का जवानों ने भी करारा जबाव दिया, वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजा गया है। दोनों वाहन जवानों को ले कर बुफलियाज के पास के इलाके से ले जा रहे थे। वहां बुधवार रात से आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। कल रात से सामान्य क्षेत्र डीकेजी (डेरा की गली), थानामंडी, राजौरी में एक ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

#### आतंकियों ने ट्रक-जिप्सी पर की गोलीबारी



गुरुवार को दोपहर बाद बजे राजौरी-थानामंडी-सूरनकोट रोड पर सावनी इलाके में गाड़ियों पर हमला किया गया। आतंकवादियों ने एक ट्रक और एक जिप्सी सहित पुलिस वाहनों पर गोलीबारी की। एक रक्षा पीआरओ ने बताया कि ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर, कल रात एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। आज शाम संपर्क स्थापित किया गया और मुठभेड़ जारी है। आगे की जानकारी का पता लगाया जा रहा है। यह घटना बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक सशस्त्र पुलिस इकाई के परिसर के अंदर हुए विस्फोट के बाद हुई। अधिकारियों ने कहा था कि सुरनकोट इलाके में 19 और 20 दिसंबर की दरमियानी रात को हुए विस्फोट के कारण परिसर के पास खड़े कुछ वाहनों की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गयीं थीं।

## तय समय से पूर्व संसद सत्र स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र तय समय से एक दिन पूर्व ही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। सदन की कार्यवाही स्थगित किये जाने के समय पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य मंत्री सदन में उपस्थित थे। विपक्ष की तरफ की दीर्घा काफी हद तक खाली रही क्योंकि आसन की अवमानना के आरोप में विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। सत्र की शुरुआत गत चार दिसंबर को हुई थी और तय कार्यक्रम के अनुसार 22 दिसंबर तक इसका संचालन होना था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि इस सत्र में कार्य उत्पादकता करीब 74 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा- इस सत्र में 14 बैठकें हुईं और 18 सरकारी विधेयक चर्चा के बाद पारित किये गये। लोकसभा ने 12 दिसंबर को चालू वित्त वर्ष में 58,378 करोड़ रुपये के शुद्ध अतिरिक्त व्यय को मंजूरी प्रदान कर दी जिसमें एक बड़ा हिस्सा मनरेगा योजना और उर्वरकों के लिए सब्सिडी पर दिया जायेगा। बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान लोकसभा ने भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को भी मंजूरी दी।



**कश्मीर में चिल्लई कलां ... :** कश्मीर की 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दी (जिसे 'चिल्लई कलां' के नाम से जाना जाता है) गुरुवार से शुरू हो गयी। घाटी के सभी जिलों में रात का तापमान शून्य से नीचे गिरना जारी है। चिल्लई कलां एक फारसी शब्द है जिसका अर्थ है 'प्रचंड सर्दी'। घाटी में कई स्थानों पर पारा जमाव बिंदु से कई डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। 'चिल्लई-कलां' की शुरुआत 21 दिसंबर से होती है और 31 जनवरी को यह समाप्त होगा।

## कोरोना के नये वेरियंट से खौफ, दो और की मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कोरोना महामारी से अभी देश पूरी तरह से उबर भी नहीं पाया था कि अब इसके नये सब वेरियंट जेएन.1 ने दस्तक दे दी। बढ़ते मामलों ने एक बार फिर से देश के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। कोरोना के नये वेरियंट के कुल 21 मामले सामने आ चुके हैं और धीरे-धीरे ये बढ़ते ही जा रहे हैं। कर्नाटक में 20 नये मामले सामने आये हैं। इस महामारी से दो और लोगों की मौत हो गयी।

**कर्नाटक में दो की मौत :** कर्नाटक में कोरोना के 20 नये मामले सामने आये हैं। इस महामारी के कारण दो और लोगों की मौत हो गयी है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, बेंगलुरु में 44 साल के एक मरीज की मौत हुई जबकि 17 को 76 साल के मरीज ने दम तोड़ा।

**सतर्कता के निर्देश :** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने बताया कि केरल, महाराष्ट्र, झारखंड और कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों में दैनिक पोजटिविटी रेट में वृद्धि देखी गयी है। आने वाले त्योहारों और शादी के मौसम को देखते हुए राज्यों को सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय और अन्य व्यवस्था की सलाह दी गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शेयर किए गए संशोधित निगरानी रणनीति के विस्तृत परिचालन दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन का आग्रह किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### एजी ने की वित्तीय अनियमितता की रोकथाम, कार्रवाई की अनुशंसा

## झारखंड में बांट दी गयी करोड़ों की फर्जी स्कॉलरशिप

- झारखंड में पास-आउट को भी मिली छात्रवृत्ति
- अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप स्कीम का कार्यान्वयन खराब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में छात्रवृत्ति में बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। यह फर्जी वितरण उन संस्थानों से भी कर दिया गया, जिन्होंने न तो खुद को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकृत किया था और न ही पोर्टल पर लॉग इन करने के लिए उपयोगकर्ता प्रमाण-पत्र या क्रेडेंशियल प्राप्त किये थे। इस प्रकार, आवेदन सत्यापित करने वाले अधिकारियों की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भागीदारी के साथ फर्जी व्यक्तियों द्वारा छात्रवृत्ति की मंजूरी के लिए उपयोगकर्ता प्रमाण-पत्र और क्रेडेंशियल का दुरुपयोग किया गया। स्टूडेंट को मिल रहे छात्रवृत्ति का लाभ के मामले में जिला कल्याण पदाधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस स्टूडेंट्स का तैयार नहीं किया गया। उक्त बातें गुरुवार को महालेखाकार झारखंड (एजी) अनूप फ्रांसिस डुंगडुंग ने कही। उन्होंने डीबीटी के बेहतर उपयोग के लिए अपनी अनुशंसा भी दी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

#### गड़बड़ी में अफसरों की भी भूमिका



प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि राज्य में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना का कार्यान्वयन भी बहुत निराशाजनक रहा। लेखा परीक्षा में नमूना जांच किये गये 60 प्रतिशत संस्थानों में फर्जी लाभार्थियों को लाभ दिये जाने का पता लगा। एजी ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति धोखाधड़ी की जांच करने के लिए धनबाद जिले में बनायी गयी एक जिला स्तरीय सरकारी समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में आवेदनों के फर्जी अनुमोदन में 9.99 करोड़ राशि का फर्जी वितरण किया गया। इसमें आवेदन सत्यापन करने वाले अधिकारियों की भूमिका रही।

## चुनाव तक ई सब चलता रहेगा कोई फर्क नहीं पड़ेगा : तेजस्वी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गुरुवार को दिल्ली से पटना लौट आये। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने इडी द्वारा समन दिये जाने पर केंद्र सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। अगली लोकसभा चुनाव से पहले तक यह लगातार करती रहेगी। इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़नेवाला। उन्होंने कहा कि एजेंसी वाले का इसमें दोष नहीं है, वो तो इशारे पर काम कर रही हैं। हमें जब-जब इडी ने बुलाया, सीबीआई ने बुलाया, कोई भी जांच एजेंसी बुलाती है तो हम जाते रहते हैं। हमने तो पहले ही आप लोगों से कह दिया था कि पांच राज्य का चुनाव होने के बाद देखियेगा। विपक्ष में कितने लोग होंगे जिन्हें ईडी और सीबीआई का नोटिस मिलेगा। वही हो रहा है। आज केजरीवाल जी को बुलाया गया था। हेमंत सोरेन को बुलाया गया। फिर राजद प्रमुख और हमें भी नोटिश मिला है।

**बैठक में सब बढ़िया रहा :** तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन की बैठक को सफल बताया। कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में हम लोगों ने कह दिया था कि कोई एक आदमी जाकर ब्रीफ कर दीजिये और वैसा ही हुआ। तेजस्वी यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जो बैठक हुई उसमें सब सकारात्मक रहा।

#### इडी के समन पर बिफरे



(शेष पेज 11 पर)

# सही दिशा

**भा**रत की सोच रही है कि वह मध्य एशिया के देशों से संबंध बेहतर करके अफगानिस्तान में अपने कूटनीतिक हितों का पोषण कर पायेगा। इसमें भारत के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह के जरिये मध्य एशिया के इन देशों से जुड़ाव का लक्ष्य भी शामिल है, जिसमें इन देशों में आपसी व्यापार के लिये मालवाहक गलियारा बनाने पर सहमत होना भी शामिल है। अच्छी बात है कि भारत की चिंताओं में शामिल इन देशों ने अफगानिस्तान में पनप रहे आतंकवाद पर कारगर कार्रवाई पर सहमति जतायी। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रावधानों के अनुरूप अफगान धरती को आतंकवाद की उर्वरा भूमि बनाने से रोकने के सभी आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया गया। वहीं भारत समेत इन देशों के विदेश मंत्रियों ने सहमति जतायी कि जहां अफगानिस्तान की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा होनी चाहिए, वहीं सभी अल्पसंख्यक समूहों की भागीदारी वाली समावेशी सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हो, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। प्रयास हो कि अफगानिस्तान में मानवीय अधिकारों का सम्मान किया जाये। तालिबान सरकार बनने के बाद अफगानिस्तान की धरती से नशे के कारोबार फलने-फूलने पर चिंता जताते हुए इस पर रोक के लिये सख्त प्रयास करने की जरूरत बतायी गई। सभी सहमत थे कि नये अफगानिस्तान में यूएन की प्रभावी भूमिका हो। साथ ही जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं व बच्चों के हितों को संरक्षण मिले। निस्संदेह, पाक को इस बात की परेशानी होगी कि इस्लामाबाद में चालीस साल बाद हुए इस्लामिक देशों के सम्मेलन के समांतर भारत ने मध्य एशियाई देशों के सम्मेलन के जरिये कुछ बढ़त तो हासिल कर ली है। निस्संदेह, जनवरी में होने वाले मध्य एशिया-भारत सम्मेलन के बाद यह मुहिम और विस्तार लेगी।

# सबसे मंहगे मिचेल

**मि**चेल स्टार्क को यहां इंडियन प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अपने गेंदबाजी जोड़ीदार और कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर 24 करोड़ 75 लाख रुपये के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सनराइजर्स हैदराबाद के रिकॉर्ड 20 करोड़ 50 लाख रुपये में कमिंस को अपने साथ जोड़ने के कुछ ही घंटों बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के लिए 24 करोड़ 75 लाख रुपये की बोली लगा दी। झारखंड के रोबिन मिंज तीन करोड़ 60 लाख में बिके। यह राज्य के लिए गौरव की बात है। आईपीएल की हैरान करने वाली बोली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाजी तिकड़ी में शामिल जोश हेजलवुड के लिए किसी टीम ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था। गुजरात टाइटंस और नाइट राइडर्स के बीच स्टार्क को लेकर रस्साकशी देखने को मिली, लेकिन मुंबई इंडियन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने उनके लिए लगातार बोली लगाई। अंत में कमिंस सनराइजर्स की झोली में गए और उस समय आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। कमिंस ने इंग्लैंड के सैम कुरेन को पीछे छोड़ा जिनके लिए पिछले साल पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किए थे। अन्य तेज गेंदबाजों में हर्षल पटेल (11.75 करोड़ में पंजाब किंग्स), अल्जारी जोसेफ (11.50 करोड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर), उमेश यादव (5.80 करोड़ में गुजरात टाइटंस) और शिवम मावी (6.40 करोड़ में लखनऊ सुपर जाइंट्स) के लिए फ्रेंचाइजियों ने बड़ी बोली लगाई। क्रिकेट की लोकप्रियता चरम पर है और देश में आइपीएल के बहाने युवाओं को अवसर मिला है।

# 2024 लोकसभा चुनाव: भ्रष्टाचार होगा सबसे बड़ा मुद्दा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी।

इन दिनों सोशल मीडिया पर नोटों से भरी अलमारियों की कुछ तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं, जिनका संबंध कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू से है। धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की खबरें सुर्खियों में रहीं। ये छापेमारी झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर हुईं। आयकर विभाग की इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। साहू के ठिकानों में मिले बेहिसाब धनराशि ने फिर से एक बार देश में भ्रष्टाचार और कालेधन को लेकर बहस छेड़ दी है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगातार तंज कस रही है। राजनीति से इतर ये प्रकरण एक गंभीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐलान-ए-जंग कर 2024 से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। इस तरह उन्होंने लोकसभा चुनाव का एजेंडा और टोन को भी सेट कर दिया है।

हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तकरीबन हर चुनावी रैली में पीएम भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठाते थे। कभी महादेव ऐप घोटाला तो कभी खनन घोटाला, कभी लाल डायरी में दर्ज काले कारनामे तो कभी भर्तियों में धांधली और पेपर लीक...।



-डा आशीष

> ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है।

राजस्थान की ऐसी ही एक रैली में पीएम मोदी ने लाल किले से दिए अपने भाषण की बातों को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण देश के 3 बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इन तीनों की ही प्रतीक है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कांकेर की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी कि भ्रष्टाचारियों ने जो कुछ भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं गारंटी देता हूं, मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहता हूं- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले चाहे कोई भी हों, चाहे कितने भी ताकतवर हों, उन्हें सब कुछ लौटाना होगा।

पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफ ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी उस समय प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था।

बीती 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्रवाई करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पूरा देश देख रहा है और समझ भी रहा है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। भले ही उनके विरोधी उनके खिलाफ कितना भी बड़ा गठबंधन बना लें, कार्रवाई नहीं रुकेगी। भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार का प्रहार लगातार जारी है। केंद्र की तरफ से संसद में रखी गई जानकारी में भी ये बात सामने आई है। सरकार ने संसद को बताया है कि जुलाई 2014 से दिसम्बर 2020 तक यानी बीते छह साल में 340 बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार, अनियमितता या फिर अक्षमता के चलते जबरन रिटायर किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है विपक्ष के कई नेता आज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया।

## खास बात

# राजस्थान का राज

भजनलाल शर्मा के नेता पद के चुनाव से पहले राजनीतिक विश्लेषक आशंका जता रहे थे कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे खुद के अलावा किसी अन्य के नाम पर सहमत नहीं होंगी। विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वसुंधरा राजे द्वारा अपने आवास पर विधायकों को बुलाकर लगातार शक्ति प्रदर्शन भी किया गया था। मगर जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर्यवेक्षक बनकर जयपुर आए तो उन्होंने मात्र दो घंटों में ही भजनलाल शर्मा को अगला मुख्यमंत्री घोषित कर वसुंधरा राजे के पूरे खेल को ही बिगाड़ कर रख दिया था। इतना ही नहीं भजनलाल के नाम का प्रस्ताव भी वसुंधरा राजे से ही करवाया गया था। राजनाथ सिंह द्वारा दी गयी पर्ची पर लिखे नाम को पढ़कर एक बार तो वसुंधरा सकपका गयी थीं। लोगों का कहना है कि नेता पद के चयन से पहले वसुंधरा राजे व उनके समर्थक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत, प्रहलाद गुंजल जैसे कई नेता व विधायक लगातार कह रहे थे कि वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी को ही प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जब जयपुर में वसुंधरा राजे विधायकों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर रही थीं। तब उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर भी जयपुर के एक होटल में कुछ विधायकों की बाड़ेबंदी करने की खबरें आई थीं। तब भाजपा आलाकमान सतर्क हो गया और वसुंधरा राजे को दिल्ली बुलाया गया। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह ने वसुंधरा राजे को दो टूक शब्दों में समझा दिया था कि इस बार उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा रहा है। चर्चा है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व अमित शाह ने वसुंधरा राजे को कड़ाई से कह दिया था कि वह एक लंबी राजनीतिक पारी खेल चुकी हैं। यदि वह पार्टी के निर्णय के साथ रहेंगी तो उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा।

चर्चा है कि अपने पुत्र दुष्यंत सिंह जो झालावाड़ सीट से चौथी बार सांसद हैं, उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा राजे ने पार्टी आलाकमान के निर्णय के साथ रहने में ही अपनी भलाई समझी और उन्होंने चुपचाप पार्टी के निदेशों का पालन किया।

**एक** रिक्शा चालक भूपति देव दास ऑटो रिक्शा भी चलाते है! और भगवद्गीता भी बाँटते है। इस कृष्णभक्त की बातें आपके दिल की घहराई तक पहुँचेंगीं।


**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

**आप** और हम, मिलकर बनाएंगे एक बेहतर भारत
- सभी को समाज में पूरा न्याय दिलाकर
- समान अवसर और अधिकार दिलाकर
- प्रगतिशील भविष्य का रास्ता बनाकर

**- राहुल गांधी**





**जीवन** संसिद्धि निमित्त प्रकृति हर पल सहयोगी है। धरती अंबर अग्नि जलवायु और सभी नक्षत्र समष्टि हित में संलग्न हैं।अतः हम मनुष्य भी एक साथ चलें, एक साथ रहें,एक साथ किये गये प्रयास अधिक लाभान्वित करते हैं । **- अवधेशानंद गिरी**

# बाली का संशय

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री हनुमान** जी ने श्रीराम से आग्रह किया प्रभु सुग्रीव का कष्टों का हरण करिए चलिए उनसे मैत्री करें। राम और लक्ष्मण को लेकर हनुमान ऋष्मूक पर्वत पर पहुंचें और सुग्रीव से राम और लक्ष्मण का परिचय कराया। सुग्रीव यह सुनकर प्रसन्न हुए। दोनों के बीच हनुमानजी ने बीचवान बनके मैत्री करायी। दोनों की समस्याओं को कहा और दोनों ने एक दूसरे से यह प्रण किया कि मैं आपकी समस्या को हल करूंगा। इस तरह श्रीराम ने सुग्रीव को कहा कि मैं बाली का बध कर दूंगा आप समस्या से रहित हो जायेंगे। सुग्रीव के मन में थोड़ी शंका हो रही थी क्या ये बाली का बध करने में सक्षम हो पायेंगे। एक बात सुग्रीव जानता था कि इन टेढ़े-मेढ़ें ताड़ के वृक्ष एक बाण से जो मारकर गिरा सकता है वही बाली का बध करेगा। राम जी को जब इस बात की जानकारी मिली उन्होंने कहा मैं यह काम कर सकता हूं। वह ताड़ के वृक्ष दुदुंभी नामक राक्षस के हड्डियों पर उगे थे और टेड़ें मेड़ें थे। ब्राह्म की ओर से वरदान था कि एक बाण में जो इस तार के सभी वृक्षों को गिरा देगा वही बाली का बध करेगा। राम जी ने बाण निकाला और मुस्कुराते हुए एक ही बाण में सभी ताल के वृक्षों को गिरा दिया। अब सुग्रीव को पूरा विश्वास हो गया कि श्रीराम निश्चय ही बाली का बध कर देंगे।

प्रसंग का अध्यात्म

इसमें भक्ति की बात यह है, सीता चली गयी है,लंका रावण हरण कर लिया है। भक्ति के मार्ग में यह संकेत देता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम )

# शिखर से शून्य की ओर जाता दिख रहा है बसपा का दलित आंदोलन

**अजय कुमार**

**मान्यवर** कांशीराम के साथ दलित मूवमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बसपा नेताओं को बहन जी ने क्या इसी दिन के लिए बाहर का रास्ता दिखाया था, ताकि उनके भतीजे के लिए राजनीति का रास्ता सुगम हो सके? हाल ही में मायावती ने अपने सांसद दानिश अली को भी पार्टी से निलंबित कर दिया है, जो इस समय काफी तेजी के साथ बसपा में अपनी पकड़ बना रहे थे। यह और बात है कि इतना सब होने के बाद भी मायावती ने सार्वजनिक मंच से उत्तराधिकारी घोषित करने की पार्टी की परंपरा को कायम रखा। करीब ढाई दशक पहले मान्यवर कांशीराम ने भी इसी तरह मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने भी लखनऊ में एक सभा में मंच से इसका ऐलान किया था। उस समय खासी राजनीतिक हलचल मची थी। कांशीराम के फैसले पर सवाल उठाए गए थे। लेकिन, कांशीराम ने मायावती की प्रतिभा का आकलन करने के बाद उन्हें यह पद देने का ऐलान किया था।

इस घोषणा के करीब 6 साल बाद वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश में मायावती पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब हुई थीं, लेकिन मायावती के फैसले ने यूपी की सियासी गर्मी को बढ़ा दिया है। क्योंकि उन्होंने बसपा के किसी नंबर दो के दमदार नेता की बजाय भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना ज्यादा उचित समझा। यही परंपरा मान्यवर कांशीराम निभाते तो आज मायावती बसपा सुप्रीमो नहीं हो पातीं

## सामयिक

बल्कि उनकी जगह कांशीराम के परिवार का कोई सदस्य इस कुर्सी पर बैठा होता और हो सकता है वही उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री भी होता। हालांकि, मायावती ने बसपा में उत्तराधिकारी घोषित करने की जो पुरानी परंपरा पुरानी है, उसे जीवित जरूर रखा, लेकिन मायावती और मान्यवर कांशीराम के फैसले में जमीन आसमान का अंतर है। यदि ऐसा ना होता तो आज मायावती के भतीजे की जगह कोई और नेता मायावती की सियासी विरासत का उत्तराधिकारी होता। अभी तक मायावती के भतीजे आकाश आनंद सियासत में कुछ ऐसा नहीं कर पाए हैं, जिसके आधार पर उनकी राजनीतिक कुशलता का एहसास किसी को हुआ हो।

गौरतलब है कि मायावती को मान्यवर कांशीराम जब राजनीति में लाए थे तो उसे समय वह आईएएस की तैयारी कर रहीं थीं। उसी दौरान दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में मायावती को बड़े नेताओं के बीच बोलने का मौका मिला। उन्होंने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राज नारायण पर हमला बोला। राजनारायण दलितों को हरिजन कहकर संबोधित कर रहे थे। मायावती ने कहा कि आप हमें हरिजन कहकर अपमानित कर रहे हैं। कांशीराम ने जब यह बात सुनी तो वह मायावती के घर पहुंच गए। कांशीराम ने आईएएस बनने की बजाय राजनीति में आने के लिए मायावती को प्रेरित किया। कांशीराम ने मायावती को समझाया कि अगर वह राजनीति में सफल हो जाती हैं तो दर्जनों आईएएस अधिकारी उनके नीचे काम करेंगे। मायावती दलितों के उत्थान के लिए चल रहे संघर्ष के दौर में कांशीराम के साथ जुड़ीं थीं। मायावती 1984 में बसपा का गठन होने के बाद उसमें शामिल हुईं और उसी साल पहला लोकसभा चुनाव कैराना से लड़ा। पहली बार 1989 में वह सांसद बनीं। इसके बाद वह चार बार यूपी की मुख्यमंत्री भी रहीं।

मान्यवर कांशीराम ने 15 दिसंबर 2001 को मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लखनऊ में एक सभा में कांशीराम ने कहा कि मैं काफी समय से यूपी कम आ पा रहा हूं। लेकिन खुशी की बात यह है कि मेरी इस गैरहाजिरी को कुमारी मायावती ने मुझे महसूस नहीं होने दिया। यह कहकर उन्होंने मायावती को अपना उत्तराधिकारी

## कॉर्टून वर्ल्ड

प्रकृति की ओर लौटगी दुनिया....



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### प्रदूषण का संकट

**देश** में लगातार वायु प्रदूषण में हो रही वृद्धि से कई शहरों में एक्यूआई 300 से ऊपर पाए जाने की पुष्टि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों ने की है। प्रदूषित शहरों के नागरिक दमा, खांसी, फेफड़ों तथा चर्म आदि से रोगग्रस्त हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग व्यावहारिक रूप में पालन नहीं कर पा रहे हैं। केंद्रीय बोर्ड को ही विशेषाधिकार और संसाधनों से लेस करना होगा। **- रवि रांची**

### मूल्यों का संरक्षण

**शिकागो** के विश्वविद्यालय में सनातन धर्म और हिंदू दर्शन से संबंधित विभिन्न कोर्स शुरू किए है। स्थापना का उद्देश्य सनातन धर्म के आदर्श और मूल्यों की शिक्षा देना, उनका संरक्षण करना और प्रचार-प्रसार कर आगे बढ़ाना है। इससे सनातन धर्म की समृद्धि का ही पता चलता है। विदेशों में सनातन धर्म और हिंदू दर्शन के प्रति बढ़ता आकर्षण उसकी महत्वता को दशार्ता है। - राज, रातू

# 22 दिसंबर साल का सबसे छोटा दिन, कल से बड़ें दिन की शुरुआत

**सुधांशु कुमार**

**साल** का सबसे छोटा दिन कब रहता है, जानें खास बातें वर्ष में एक बार सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटा दिन होता है। 21 मार्च को दिन और रात बराबर होते हैं। 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन रहता है। 22 दिसंबर को साल का सबसे छोटा दिन रहता है। ऐसा क्यों होता है क्या आप जानते हैं?

**21 मार्च :** 21 मार्च को दिन और रात समान समय 12-12 घंटे के होते हैं। यह घटना वर्ष में दो बार होती है। जब सूर्य उत्तरायण चलते हुए दक्षिण गोल से उत्तर गोल की तरफ झुकता है अर्थात सूर्य सायन मेष राशि में प्रवेश करता है तब दिन और रात बराबर होते हैं। 21 मार्च के बाद दिन बड़े होते जाते हैं और रातें छोटी होती जाती है।

**21 जून :** 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन होता है, जिसे 'सोल्स्टिस' कहा जाता है। इसे ग्रीष्मकालीन सोल्स्टिस होता है जिसे 'सोल्स्टिस' कहा जाता है. इसे ग्रीष्मकालीन सोल्स्टिस भी कहा जाता है। दरअसल, 21 जून को सूर्य पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध पर मौजूद होता है, जिससे सूर्य की रोशनी कर्क रेखा पर सीधी पड़ती है।

परिभ्रमण पथ के दौरान 21 जून को निश्चित समय पर सूर्य कर्क रेखा पर एकदम लंबवत हो जाता है। इस दिन भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित सभी देशों में सबसे बड़ा दिन तथा रात सबसे छोटी होती है। 21 जून के बाद से

## जानकारी

सूर्य दक्षिण की ओर गति करना प्रारंभ कर देगा, जिसे दक्षिणायन का प्रारंभ कहा जाता है। और फिर दिन क्रमशः छोटे होते जाएंगे और 23 सितंबर को रात-दिन बराबर होंगे।

**22 दिसंबर :** 22 दिसंबर को साल का सबसे छोटा दिन होता है। पृथ्वी के अपनी धुरी पर आवर्तन के दौरान साल में एक दिन ऐसा आता है, जब दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य की धरती से दूरी सबसे ज्यादा होती है। नतीजतन 22 दिसंबर का दिन साल में सबसे छोटा होता है और इस दिन रात सबसे लंबी होती है। इस दिन को विंटर सोलस्टाइस कहा जाता है। कुछ वर्षों की अवधि में विंटर सोलस्टाइस के तय दिन बदल जाते हैं, लेकिन साल के इस सबसे छोटे दिन के दर्ज होने की अवधि 20 से 23 दिसंबर के बीच ही होती है। 22 दिसंबर को सूर्य के पृथ्वी से सबसे ज्यादा दूर होने के कारण धरती पर किरणें देर से पहुंचती हैं। इस वजह से तापमान में भी कुछ कमी दर्ज की जाती है।

अलग-अलग देशों में इस दिन विभिन्न त्योहार भी मनाए जाते हैं। पश्चिमी देशों का सबसे बड़ा त्योहार क्रिसमस भी विंटर सोलस्टाइस के तुरंत बाद आता है।

इसी तरह चीन सहित पूर्वी एशियाई देशों में बौद्ध धर्म के यीन और यांग पंथ से जुड़े लोग विंटर सोलस्टाइस को एकता और खुशहाली बढ़ाने के लिए एक-दूसरे को प्रोत्साहित करने वाला दिन मानते हैं। विंटर सोलस्टाइस को लेकर अलग-अलग देशों में विभिन्न मत हैं। अधिकतर देशों में इस दिन से कुछ न कुछ धार्मिक रीति-रिवाज ही जुड़े हैं।

विंटर सोलेस्टाइस आता है, तब भारत में मलमास चल रहा होता है, जिसे संघर्ष काल भी माना जाता है। इसे देखते हुए उत्तर भारत में श्रीकृष्ण को भोग लगाने और गीता पाठ करने की प्रथा है, वहीं 22 दिसंबर से राजस्थान के कुछ हिस्सों में पौष उत्सव भी शुरू हो जाता है।

सूर्य के उत्तरायण में होने की प्रक्रिया विंटर सोलस्टाइस से ही शुरू हो जाती है, इसलिए भारत में मकर संक्रांति की तरह ईसाई बहुल देशों में क्रिसमस और नववर्ष जैसे बड़े त्योहार होते हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*



फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com



R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### विधायक प्रत्याशी रेणु ने किया दौरा



**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी रेणु देवी ने टाटीझरिया प्रखंड के झरपो भराजो खैरा तीन पंचायत के कई गांव का 20 दिसंबर 2023 दिन बुधवार को अपने समर्थकों में कांग्रेस जिला सचिव मनोज मेहता , कांग्रेस ओबीसी इचाक प्रखंड अध्यक्ष अशोक ठाकुर, कृष्णा कुशवाहा, अजय कुमार यादव,सुनील मेहता,गिरधारी कुशवाहा,लीलो मेहता,सतीश मेहता संग क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव में भरी मतों से हाथो को मजबूत बनाने का आग्रह अपील की। उन्होंने कहा कि परिवर्तन ही संसार का नियम है ।बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र में परिवर्तन जरूरी है इसलिए सबको देखे है बार बार मुझे भी सेवा करने का मौका दे एक बार मैं आप सभी जनता कि सेवा एक सेविका के रूप में करूंगी। मौके पर अर्जुन सोनी,अशोक कुमार,रामशरण प्रसाद,रामलखन राणा,महेश प्रसाद कुशवाहा, संजय कुमार,रौशन कुमार, कौलेश्वर प्रसाद,दिनेश्वर महतो ,संग कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सहायक अध्यापकों ने किया प्रदर्शन



**कटकमसांडी।**सहायक अध्यापकों ने काला बिला लगा कर प्रदर्शन किया। हजारीबाग जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता के द्वारा कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के दिनांक 19 दिसम्बर को सहायक अध्यापक के बिना सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित रहने को लेकर पत्र जारी किया गया था। कटकमसाडी सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय पंडित ने बताया कि जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा निकाला गया पत्र अगर वापस नहीं लिया जाता है तो दिनांक 26 दिसम्बर को जिला शिक्षा अधीक्षक के गलत नीतियों के विरोध में जिला कार्यालय के घेराव करेंगे। जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार मेहता ने कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता के द्वारा निकाला गया पत्र शिक्षक हित के लिए नहीं है अगर जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा पत्र वापस नहीं लिया गया तो जोर दार तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### दारू टीम ने जीता कबड्डी मैच

**दारू।** जेएसएलपीएस की शाखा महिला आजीविका समूह दारू इकाई के तत्वधान में हरली फुटबॉल मैदान में नई चेतना 2.0 अंतर प्रखंड स्तरीय कबड्डी मैच का आयोजन गुरुवार को किया गया। मैच का शुभारंभ प्रमुख कुमारी स्वेता , बीडीओ मनीष कुमार, राज्यस्तरीय कार्यक्रम प्रबंधक संजय भगत व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबु बीपीएम सुनील राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मैच में दारू , टाटीझरिया व विष्णुगढ़ प्रखंड की महिला समूह की टीम भाग लिए थे। तीन टीमो के बीच लीग राउंड मुकाबला चला जिसमे मैच का फाइनल दारू व टाटीझरिया टीम के बीच खेला गया। इसमें दारू के टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11-8 से विजय हुई। उपस्थित अतिथियों के द्वारा विजेता और विजेता तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली विष्णुगढ़ की टीम को चमचमाती ट्रॉफी और नगद इनाम दिया गया । टाटीझरिया टीम के देवन्ति कुमारी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### पूर्व विधायक 108 एंबुलेंस के रवैये से नाराज

**बरही।** बरहीडीह निवासी एक महिला बुधवार रात आग से गंभीररूप से झुलस जाने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया गया। सुचना मिलते ही बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचकर पहुंचकर मरीज की स्थिति से अवगत हुए। अस्पताल के डीएस डॉ ज्ञानी प्रकाश को उचित इलाज हेतु सुझाव दिया।उन्होंने 108 नम्बर की एम्बुलेंस की लचर व्यवस्था से नाराजगी व्यक्त करते हुए हजारीबाग के सिविल सर्जन से टेलीफोन से बात की। 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए पीड़िता को रांची रिम्स उचित इलाज हेतु भेजा गया। उन्होंने सिविल सर्जन से वातालर्प कर अविलम्ब पदमा, करियातपूर, चौपारण में विशेष रूप से बरही को 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा गया। सिविल सर्जन के संज्ञान में पुर्व विधायक ने विषय वस्तु से अवगत कराया।

### बड़कागांव अस्पताल में बैठक संपन्न

**बड़कागांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को कल्याण परिवार दिवस को लेकर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता बी टी टी बबीता देवी ने किया वही संचालन सहिया साथी सीमा देवी ने किया। बैठक में बंध्याकरण कराने वाली माताएं एवं अन्य लाभार्थी शामिल हुए ।मुख्य अतिथि चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि छोटा परिवार ही सुखी रहता है। भारत सरकार द्वारा नारा लगाया गया है हम दो और हमारे दो। मौके पर जी एन एम अनिता कुमारी, सहिया साथी सीमा देवी, मंजू देवी, स्वास्थ्य कर्मी नवीन कुमार,नंदलाल दास,विश्वजीत कुमार, संजू कुमारी ,सुनील कुमार, सहेश्वर कुमार ,पारस प्रसाद ,लाभार्थियों में माला देवी, रीता देवी ,सरिता देवी, प्रीति देवी शामिल हुए। बैठक में जो माताएं दो बच्चों के अंतराल में बंध्याकरण करवाई उन्हें हॉस्पॉट देकर पुरस्कृत किया गया।

### बंदरबेला में शिविर का आयोजन

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत बंदर बेला पंचायत के बंदर बेला पंचायत भवन परिसर में गूरूवार को झारखंड सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का उद्घाटन पदमा प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार , पदमा जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, प्रमुख वीणा देवी, पदमा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सह पदमा मुखिया अनिल मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, बंदर बेला पंचायत के मुखिया विजय मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में सबसे अधिक आबूवा आवास योजना के लिए 593 आवेदन आए, पशुपालन विभाग के द्वारा पशुधन योजना के 59 आवेदन आए, वही अंचल में 9 आवेदन आए, जेएसएलपीएस के तहत 868 महिला दीदियों आई कार्ड मिला, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के पांच छात्रों को लाभ मिला, वही 19 नए आवेदन सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के आए। इन योजनओं के अलावे अन्य योजनाओं का कृयान्वन किया गया। मौके पर प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# इचाक : भुखमरी की कगार पर मनरेगा मजदूर, मांगने पर भी नहीं मिलता काम

## पंचायतों की बजाए प्रखंड कार्यालय से लगता है काम का डिमांड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड अंतर्गत मनरेगा मजदूरों की हालात बेहद चिंताजनक है। काम ना मिलने की वजह से कमाई पर ग्रहण लग चुका है। ऐसे में परिवार चलाने में उन्हें काफी मुश्किलात का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर व उनके परिवार भुखमरी की कगार पर खड़े हैं। एक तो काम की कमी दूसरी ओर अधिकारियों के उदासीन रवैये से मजदूरों में गुस्से का आलम है। यदि आंकड़ों पर गौर करें तो मजदूरों के हालात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इचाक प्रखंड में काम करने वाले 26 हजार एक्टिव मजदूर हैं जबकि पूरे प्रखंड में मजदूरों का 45 हजार जॉब कार्ड बना हुआ है। इनमें से महज 592 मजदूरों को काम आवंटित किया गया। यह आकंड़ा पूरे प्रखंड के है।

**पलायन के लिए विवश हैं मजदूर: सकेंद्र प्रसाद मेहता**



**बीडीओ के फरमान से आक्रोश:** पूर्व में मजदूरों के कार्यों का डिमांड पंचायत से लगता था। लेकिन अब नए बीडीओ के फरमान से मजदूरों में भी आक्रोश है। आदेश के तहत पूरे प्रखंड में तीन दिन डिमांड लगाने का फरमान जारी किया गया है। कम-से-कम चार दिन तो उन्हें काम नहीं मिलेगा।

मुखिया संघ के अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने कहा कि इचाक प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार से हालात और भी खराब हो गए हैं। काम की कमी से मजदूर रोजगार की तलाश में यहां से पलायन को विवश हैं। उन्होंने बताया कि एक तरफ सरकार मनरेगा से संबंधित कार्यों को लेकर कहती रही है कि प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटने के बजाय उनके पंचायतों में ही काम अलॉट होगा। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। नए बीडीओ के फरमान पर उन्होंने कहा कि वे पंचायत का अधिकार प्रखंड कार्यालय में ले रखा है। किसी योजना को यदि ऑनलाइन कराना हो तो प्रखंड कार्यालय से ही होगा। इसपर सुविधा शुल्क अतिरिक्त देना निश्चित है। कहा कि महज 40 हजार की टीसीबी योजना के लिए मनरेगा लाभुक को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बीडीओ द्वारा आदेश किया मनरेगा मजदूरों का डिमांड लगाने के लिए कभी रोजगार सेवक के पास इसके बाद कंप्यूटर ऑपरेटर के पास वहां से बड़ा बाबू के पास फिर बीपीओ और अंततः बीडीओ के पास जाने का फरमान आम बात है। एक ऐसे ही लाभुक ओम प्रकाश मेहता 15 दिनों तक ब्लॉक का चक्कर काटते काटते थक गये लेकिन डिमांड नहीं लगा। बताया कि सरकार द्वारा निर्गत चिट्ठी के अनुसार पांच लाख तक की योजनाओं का कार्य पंचायत के मुखिया द्वारा ही किया जाएगा। लेकिन बीडीओ नियमानुसार काम कराने पर आमादा हैं। बताया कि 19 दिसंबर को पूरे प्रखंड में 592 मजदूर को ही काम मिल पाया। कहा कि इस दिशा में यदि सुधार नहीं हुआ तो मनरेगा योजना का उद्देश्य कभी पूरा नहीं हो पाएगा।

## खान सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का महिलाओं ने किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पांडू में संचालित केरेडारी कोल माइंस परिसर में एनटीपी सी द्वारा 66 वां खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम स्थल पर मौजूद महिलाओं ने बताया कि कोल माइनिंग कंपनी बीजीआर द्वारा संचालित खान की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए धनबाद से डीजी एमएस के अधिकारीयों की टीम कार्यक्रम स्थल पर पहुंची थीं। टीम में पी हनुमंथ राव डीजी एमएस माइनिंग समेत आठ डीजीएमएस के परीक्षण दल के सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत हुई हीं थी कि दर्जनों महिलाओं का समूह कड़ा विरोध जताते हुए अपनी मांग को लेकर कार्यक्रम का विरोध जताने लगे। महिलाओं का आरोप है कि विरोध देख कर कार्यक्रम में उपस्थित एनटीपीसी अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता ने महिलाओं को कानूनी कार्रवाई की खुलेआम धमकी देने लगे। डीजीएमएस के परीक्षण दल के सदस्य कार्यक्रम स्थल से चले गए। घटना पर महिलाओं में एनटीपीसी व एमडीओ कोल माइनिंग कंपनी बीजीआर के अधिकारियों के रवैया पर आक्रोश है।

**डीजी एमएस के अधिकारियों ने कार्यक्रम को किया स्थगित**

**क्या कहते हैं पांडू पंचायत मुखिया :** कार्यक्रम के बारे में पांडू पंचायत मुखिया सकिबा खातून ने कहा कि बीजीआर या एनटीपीसी के द्वारा कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई थी।

### कंचनपुर में दांतों की जांच, फ्री दी गयी दवा

**कटकमसांडी।** कंचनपुर गांव में गैलेक्सी हाई स्कूल एवं हजारीबाग डेंटल कॉलेज के तत्वावधान में दांतों की जांच की गई और मुफ्त में दवा दी गई। डॉ. सौम्या ने ग्रामीणों की मुफ्त जांच की कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया पिंकी राणा, पूर्व मुखिया अशोक राणा,कृष्णा यादव, शिवदयाल राणा, जीवलाल कुशवाहा,ममता देवी आदि मुख्य भूमिका निभाई।

### केवि में एलुमनी मीट 24 दिसंबर को

**भुरकुंडा ।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा का एलुमनी मीट 24 दिसंबर को होगा। स्कूल के पुराने भवन परिसर में जोर शोर से तैयारी चल रही है। जिसकी मॉनेटरिंग के लिए प्रतिदिन दर्जनों पूर्ववर्ती विद्यार्थी जुटे हैं। समारोह में स्कूल के 200 से अधिक पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का जुटान होगा, जो देश के विभिन्न राज्यों से शिरकत करेंगे। कार्यक्रम 10 बजे शुरू होगा। दूसरे चरण कार्यक्रम रात में रांची के सीएमपीडीआई कम्युनिटी हॉल में आयोजित होगा।

## भुरकंडा में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बरकाकाना-पतरातु रेलमार्ग स्थित बनगडा रेलवे ट्रैक पर बुधवार रात एक युवक शव मिला। शव की पहचान युवक केशव रजक के रूप में हुआ है। जानकारी के अनुसार बनगडा रेलवे ट्रैक पोल संख्या 110/112 के समीप बनगडा रजक टोला निवासी सीसीएलकर्मी केशव रजक अमरपाली-मगध में ड्यूटी करता था। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल भदानीनगर पुलिस और जीआरपी को दी गई। जानकारी मिलते ही भदानीनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच जांच-पड़ताल की। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया। घर वालों ने घटना पर हत्या की आशंका जताते हुए रजक की हत्या कर रेलवे ट्रेक पर फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि यह हत्या है या आत्महत्या जांच का विषय है। पुलिस आत्महत्या व हत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। ज्ञात हो की केशव रजक दुर्गा पूजा से ही काम पर नहीं जा रहा था। साथ ही वह काफी तनाव में भी रह रहा था।

### ट्रैफिक को लेकर सदर विधायक ने विधानसभा में उठाया सवाल

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार की हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सदन पटल पर हजारीबाग शहर से संबंधित एक अति महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया। जिसमें उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिला के शहरी क्षेत्रों में इनदिनों यातायात के साथ-साथ अपराधिक घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है जिससे जनजीवन काफी परेशान होने के साथ-साथ लोगों में काफी भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग शहर के विभिन्न चौक - चौराहें पर कई वर्ष वर्ष पूर्व मेरे विधायक निधि द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाई गई है। जिसकी विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण उक्त कैमरे से यातायात में जाम की समस्या से स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाती है तथा अपराधी भी किसी अपराध घटना को अंजाम देकर बड़े आराम से फरार हो जाते हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने सरकार से जनहित में रांची के तर्ज पर हजारीबाग में भी कमांड सेंटर बनाने और हाई विजिबिलिटी की सीसीटीवी कैमरा जल्द लगाने की मांग की।

## उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

**रामगढ़।** इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा उपराष्ट्रपति व राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के प्रति अशोभनीय हरकत करने तथा झारखंड प्रदेश में उत्पन्न संवैधानिक संकट, भ्रष्टाचार ,ध्वस्त विधि व्यवस्था और युवाओं को नौकरी देने के नाम पर ठगी के मुद्दे पर गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा महा आक्रोश रैली छत्तरमांडू स्थित होटल टी एंड ट्रीट से समाहरणालय तक जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में निकाली गई। इस क्रम में उपस्थित नेतओं प कार्यकताओं ने उपराष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, झारखंड में भ्रष्ट निकम्मी हेमन्त सरकार को बर्खास्त करो की तख्तियां लेकर आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। रैली समापन के उपरांत भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा । जिसमें हेमन्त सरकार के 4 वर्षों के नाकामियों, वादाखिलाफी ध्वस्त विधि व्यवस्था, महिला उत्पीडन सहित मुख्यमंत्री द्वारा इडी के छह समन को नजर अंदाज करने से राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट को लेकर तथा हेमन्त सरकार को बर्खास्त करने को लेकर एक विज्ञप्ति जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में रामगढ़ जिला उपायुक्त को सौंपा गया। पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि इंडी के नेताओं द्वारा लगातार संवैधानिक पद पर बैठे



माननीय का किया जाता रहा है ।जिस तरह से राहुल गांधी के नेतृत्व में टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अशोभनीय तरीके से मिमिक्री किया गया वह निंदनीय है। यह अपमान किसान,ओबीसी और देश के हर नागरिक का है । मौके पर ,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह,वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, नारायण चंद भौमिक, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, विधानसभा प्रत्याशी रहे रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु, डाक्टर संजय कुमार सिंह, डाक्टर संजय प्रसाद सिंह, रंजीत पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, आनन्द बेदिया, अखिलेश प्रसाद, जिला महामंत्री , रंजन फौजी जिला मंत्री राजेन्द्र कुशवाहा, रमेश कुमार वर्मा, दिलीप सिंह, संजीव कुमार बावला,किरण देवी, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान,सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, आइटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, वरिष्ठ नेता जगेश्वर प्रजापति, एहसानुल हक, दिलीप प्रसाद नारायण महतो , राजेश सोनी,प्रेम रविदास, गौतम राम, सुरेश कुमार, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

### ए ला एंग्लाइज में खेलकूद संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज विद्यालय में सत्र का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता गुरूवार को संपन्न हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर एवं प्राचार्य बिजयंत कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न सदनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपने सदन को विजय दिलाने का भूरपूर प्रयास किया। प्रतियोगिता में जलेबी दौड़, माला दौड़, तीन पैरों की दौड़, मेंढक दौड़, पूछ तोड़, 50, 60, व 70 मीटर की दौड़, चम्मच-गोली दौड़, सब्जी बाजार दौड़ और मिठाई दौड़ आदि खेल-कूद हुए। इसमें शामिल विद्यालय के छह सदन वाल्मीकि, नेताजी, बुद्ध, अशोक, आर्यभट्ट और टैगोर में से बेहतर प्रदर्शन के लिए अशोक को प्रथम, आर्यभट्ट को द्वितीय व वाल्मीकि सदन को तृतीय स्थान मिला। मौके पर प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि खेल-कूद जीवन का एक अभिन्न हिस्सा होता है। वर्तमान समय में पढ़ाई की तरह खेल-कूद में करियर बनाया जा सकता है।

## एक नजर में

### फिर उठी विष्णुगढ़ को अनुमंडल बनाने की मांग

**विष्णुगढ।** विष्णुगढ़ को अनुमंडल बनाने की बात अब इन दोनों पुरानी हो चुकी है। विष्णुगढ़ प्रखंड और हजारीबाग मुख्यालय की दूरी करीब 50 किलोमीटर है। ग्रामीण भारत का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक बौद्धिक भौतिक के अलावे विकास के विभिन्न आयामों के साथ समावेशी व सतत विकास व डिजिटल कनेक्टिविटी व गुणवत्तापूर्ण पहलू शामिल है। ग्रामीण भारत के विकास यात्रा के तहत आज शहर और गांव की दूरियां पट रही है। लिहाजा विष्णुगढ़ आज भी इस परिपाटी में कहीं ना कहीं आज पीछे रह रहा है। जिसका मुख्य कारण लोग यहां की कुशल राजनीतिक व नेतृत्व की कमी मान रहे हैं। विष्णुगढ़ में अनुमंडल की मांग को लेकर पूर्व में विधानसभा में जेपी पटेल द्वारा भी मांग की गई थी। लिहाजा सरकार इस और कोई ध्यान नहीं दिया। वहीं इसको लेकर पूर्व में सर्वदलीय पार्टी के लोगों द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में आमरण अनसन भी की गई थी। लेकिन सदियों पुरानी विष्णुगढ के आम जनता की मांग आज तक अधूरी है। पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक ने कहा कि प्रमुख जिला परिषद सदस्य और विधायक को ठोस पहल करने की जरुरत ह। झामुमो नेता राजू श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार को इस और गंभीर होने की जरुरत है। हिरामन महतो ने कहा कि जो काम विष्णुगढ में होता वो जिला जाना पड़ता है अनुमंडल होना जरुरी है।

### रेन्बो स्कूल बरही में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**बरही।** रेन्बो स्कूल में खेले जा रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। तीन दिन चली खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा नवमी तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उनके बीच खो-खो, शाटपुट, जेबलिंग, कबड्डी, लंबी कूद, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, 50 मीटर, सौ मीटर की रेस आदि खेल प्रतियोगिताएं हुईं। जिनमे वॉलीबाल में अंबेडकर हाउस, कबड्डी मुकाबले में अंबेडकर हाउस, टग ऑफ वार में दयानंद हाउस, जूनियर टैग ऑफ वार में भी अंबेडकर हाउस, लड़कियों में खो-खो चंद्रशेखर हाउस,लड़को में खो-खो का विजेता दयानंद हाउस रहा। सभी विजेताओं को मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 38 / 2023–24**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Sarale Park Jheel Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 8,24,637/- | 18,000/- | 5,900/- | 60 Days |
| 2. | Construction of R.C.C Drain Back Side of Market at Gandhi Maidan from Shop No. 01 to Community Toilet in Ward No. 12 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 9,99,000/- | 20,000/- | 5,900/- | 60 Days |
| 3. | Special Repair of Ten Seater Community Toilet & Bathroom with Caretaker room in front of Nirmal Mahto Park under Municipal Corporation, Hazariabag. | 6,89,800/- | 14,000/- | 5,900/- | 60 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 03.01.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. | निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 04.01.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. | निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 05.01.2024 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक |
| 4. | विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त–सह–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR313940 (Urban Development and Housing)23-24*D



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना :– JMC/10/2023-24 Date – 20-12-2023**

**मद का नाम :– 15वें वित्त आयोग**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Bitumen Road, Guard wall and R.C.C drain from govardhan rana house to devi mandap at ward no. 05. | 76,39,439 | 1,52,800 | 10,000 | 04 Month |
| 2. | Construction of paver block roads from banjhedih road rahmat a nsari gairrage towards railway overbridge and prakash modi house to binod prasad house at ward no. 27. | 72,90,878 | 1,45,900 | 10,000 | 04 Month |
| 3. | Construction of R.C.C drain from moriyawa main road parmeshwar yadav house towards jhanjhri boundary ward no. 28. | 69,96,700 | 1,40,000 | 10,000 | 04 Month |

1 **Only E-Tender will be accepted**
**2.** नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.12.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 06.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9835420400
7. **E-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग , झारखण्ड, रॉची का पत्रांक 05 / विविध (**e-tender**)–12 / 2023 / न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 313957 Urban Development(23-24)D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदक वरुण बगोदर कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 (प्रो0–ललन प्रसाद मेहता) ग्राम+पो0–अटका, थाना–बगोदर, जिला–गिरिडीह, मोबाईल नं0–8709529853, पत्राचार का पता–लोचन पथ, कृष्णापुरी, मटवारी, हजारीबाग–825301 को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मरम्मति योजना (Post 5 Years Maintenance) अन्तर्गत निम्नलिखत पथों यथा –

(1) कटकमसांडी से उर्लोज पथ (लं0–3.400 कि0मी0)
(2) झरपो से गाड़ीसाडम पथ (लं0–7.950 कि0मी0)
(3) T03 देवरिया मोड से घाघराखुर्द पथ (लं0–3.500 कि0मी0)
(4) सुरजपुरा से सूजी पथ (लं0–1.800 कि0मी0)
(5) 5वें कि0मी0 आर0ई0ओ0 रोड से बन्दरबेला पथ (लं0–2.30 कि0मी0)
(6) मौरांगी से पौता पथ (लं0–3.652 कि0मी0)

का मरम्मति कार्य आपके द्वारा किया गया एकरारनामा (एकरारनामा सं0–14/PMGSY/2022-23) के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–05.12.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–30.03.2023 था । इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के बाबजूद भी आपके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक–1626 दिनांक–24.11.2023, पत्रांक–1072 दिनांक–18.08.2023 एवं पत्रांक–787 दिनांक–12.07.2023 द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु आपको निदेश दिया गया है। इस कार्यालय का पत्रांक–1626 दिनांक–24.11.2023 आपके स्थायी पता पर Speed Post से भेजा गया, जो वापस इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रुचि नहीं ली गई है।

आप अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–17.10.2023 द्वारा दिनांक–26.10.2023 से पॉट पैच कार्य करने, दिनांक–20.11.2023 से PCC कार्य एवं दिनांक–16.11.2023 से SDBC का कार्य करने का भरोसा दिलाया था, परन्तु अब तक कार्य प्रारम्भ भी नहीं किया गया है, न ही पथ में सामग्री का जमाव किया गया है, जो दर्शाता है कि आप विभाग को धोखा दे रहे हैं तथा समय व्यर्थ व्यतीत कर रहे हैं । आपके आवेदन पत्रांक–शून्य दिनांक–27.01.2023 के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–185 (अनु0) एवं पत्रांक–184 (अनु0) सभी दिनांक–14.02.2023 द्वारा अलकतरा एवं इमलशन क्रय हेतु प्राधिकार–पत्र पूर्व से निर्गत होने के बावजुद भी आपके द्वारा कार्य नहीं किया गया । पुनः आपके आवेदन पत्रांक–शून्य दिनांक–23.09.2023 के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1290 (अनु0) दिनांक–26.09.2023 द्वारा अलकतरा एवं इमलशन का प्राधिकार पत्र निर्गत किया गया, फिर भी आपके द्वारा कार्य नहीं किया गया ।

ऐसी परिस्थिति में अगर आप 31.12.2023 तक उक्त सभी पथों में कार्य प्रारम्भ नहीं करते हैं तो विभाग से यह अनुशंसा की जाएगी कि जब तक आप उक्त सभी पथों की मरम्मति कार्य पूर्ण नहीं करते हैं, तब तक आपको भविष्य में किसी तरह के कार्य आवंटन से डिबार किया जाय, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल
हजारीबाग

PR 313966 Rural Work Department (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले रॉबिन मिंज सीएम ने मिठाई खिलाकर दी बधाई



**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरूवार को झारखंड विधानसभा में राज्य के उभरते स्टार क्रिकेट रॉबिन मिंज ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा बनने पर रॉबिन मिंज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। रॉबिन आदिवासी समुदाय के उभरते खिलाड़ी हैं तथा गुमला जिला के हैं। आईपीएल ऑक्शन 2024 में गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी ने रॉबिन को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल किया है।

### 10वीं-12वीं की प्रीबोर्ड परीक्षा आरंभ



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देश के अनुरूप जिला प्रशासन गुमला के सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत सरकारी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक सरकारी विद्यालयों के कक्षा 10 एवं 12 के छात्र छात्राओं के लिए प्रीबोर्ड परीक्षा आज से आरंभ हुई जो 23 दिसंबर तक चलेगी। गुरुवार से विभिन्न प्रखंड में आरंभ प्रीबोर्ड परीक्षा का जिले के वरीय अधिकारियों ने अनुश्रवण किया। कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा 2024 में बेहतर परिणाम के लिए टैगिंग की गयी है एवं महत्वपूर्ण प्रश्नों पर अभ्यास, रिमेडियल क्लास एवं मॉक टेस्ट जैसी गतिविधियों का संचालन झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा कराया जा रहा है। कक्षा 10 के 6738 एवं कक्षा 12 के 4396 छात्र छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं।

### बाल विवाह मुक्त होगा रन्हे गांव



**घाघरा।** प्रखंड के रन्हे ग्राम में प्रखंड प्रशासन व एलजीएसएस के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक ग्राम प्रधान बहुरा पहान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही बाल मजदूर, बाल व्यापार, बाल एवं शोषण पर रोकथाम करने का निर्णय भी लिया गया। सर्वसम्मति से नियमावली तैयार किया गया। जिसमें गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। गांव के सभी बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में सुमतु देवी, मंजू देवी ,रतिया देवी, रानी देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

### सरकार के चार साल पर कई कार्यक्रम




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को आगामी 29 दिसंबर को राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोहरदगा जिला में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम को लेकर बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की ओर से कार्यक्रम में बांटी जानेवाली परिसंपत्ति पर चर्चा की गयी। जिला स्तर पर विकास मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी विभागों के कार्यालय प्रधान (तकनीकी/ गैरतकनीकी) शामिल हुए।

### कुडू-किस्को में 24 से होगी ग्राम सभा



**लोहरदगा।** डीडीसी जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में किस्को और कुडू प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम किस्को प्रखंड की समीक्षा हुई, जिसमें मनरेगा समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी और जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सबसे खराब प्रदर्शन करनेवाले पंचायत को सुधार करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार कुडू प्रखंड की मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की भी समीक्षा कर ग्रामसभा कराने के निर्देश दिये। बैठक में बीडीओ कुडू, बीडीओ किस्को, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### इको क्लब गठन को लेकर प्रशिक्षण



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के निर्देश के आलोक में जिले के सभी विद्यालयों प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक में इको क्लब गठन हेतु जिले के सभी संकुल साधन सेवियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण अभिलाष सभाकक्ष, लोहरदगा में किया गया। उद्घाटन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा सरिता एकता ने अभियान गीत के साथ किया। प्रशिक्षक निशांत कुमार, बीआरपी भंडारा के द्वारा सभी सीआरपी को ईको क्लब का गठन सभी विद्यालयों में किया जाये, इससे संबंधित विभिन्न जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में धर्मेंद्र सोनी, संतोष कुमार, निशांत कुमार, जीतेन्द्र मित्तल, बनवारी उरावं, जावेद अंसारी, इम्तियाज अहमद, निधि गुप्ता, नीलू गोयल, संजीव कुमार, दीनबंधु डे, विकास जायसवाल, निशा कुमारी, निशि कुमारी,संयुक्ता देवी सहित जिले के सीआरपी उपस्थित हुए।

### छात्राओं को कराया औद्योगिक भ्रमण

**लोहरदगा।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत गुरुवार को गांधी मेमोरियल प्लस टू उवि माराडीह कुडू के ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इसके तहत छात्राओं ने लोहरदगा स्थित जिम एवं ब्यूटी पार्लर का भ्रमण किया। प्रभारी प्राचार्य रमेश साहू और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्यजीत भारती ने भ्रमण बस को रवाना किया। मौके पर रमेश साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए औद्योगिक भ्रमण बेहद जरूरी है।

# उप राष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान... नारे के साथ निकली रैली

## आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन के बाद भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

- लोकलुभावन वादा से सत्ता पर कैसे काबिज हो इसकी चिंता है हेमंत सोरेन को : अनूप चंद्र अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** आक्रोश रैली को मिसिर कुजूर, किरण माला बाड़ा, रामवतार भगत आदि वक्ताओं ने संबोधित कर राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के समक्ष रखा। मौके पर जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, विनय लाल, भुपन साहू, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, सत्यनारायण पटेल, प्रदीप प्रसाद, भैरो सिंह खेरवार, लालमोहन साहू, यशवंत सिंह, शकुंतला उरांव, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, दिनेश्वर प्रसाद, हरिहर कुमार, कौशलेंद्र जमुआर, मंगल सिंह भोक्ता, सोनमणि उरांव, खुशमन नायक, निरंजन सिंह, आफताब आलम लाडले, दामोदर कसेरा, शैल मिश्रा, चितरंजन मिश्रा, सुरेश सिंह, शमीम खान,अरविंद मिश्रा, रविंद्र सिन्हा, संतोष सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, श्याम किशोर पाठक, रविशंकर सिंह, सौरभ पांडे, सुमित महली, गोपाल केसरी, दिनेश सिंह, कंचन सिंह, संजीव कुमार, संतोष पंडा, कौशल साहू, रूपा केशरी, सनोज वर्मा, अविनाश कुमार, इंद्रदेव साहू, शंभु सिंह, नेसार खान, अजीत कुमार, अरविंद सिंह, रंजीत सोनी, गोपाल गोप, नेसार खान, आजाद खान छोटेलाल उरांव, प्रवीण उरांव दिलीप कुमार, सुबा एल्बुम तिग्गा, शंभू नायक, बबलू वर्मा, हरिलाल उरांव धीरज सिंह, मनोज तिवारी, संजीव गुप्ता, सुदामा केवट, गोवर्धन इंदवार आदि ढेर सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**गुमला।** भारत के संसद परिसर में विपक्षी दल द्वारा संवैधानिक पद पर सुशोभित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान व हेमंत सरकार की विगत 4 वर्षों की नाकामियां, वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, हत्या, बलात्कार, महिला आदिवासी उत्पीड़न, खनिज पदार्थों की लूट, ईडी के समन पर हाजिर नहीं होना, झारखंड विधानसभा में भाजपा के विधायक को सतारूढ़ दल के विधायक द्वारा मारपीट एवं धक्का देखकर विधानसभा से बाहर निकाल कर निलंबित करने जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा गुमला जिला द्वारा शक्ति मंदिर परिसर से समाहरणालय तक आक्रोश प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त को गुरूवार को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य मार्ग से लेकर कचहरी परिसर तक उपराष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, संविधान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल गांधी शर्म करो शर्म करो... के नारे लगाकर आक्रोश प्रदर्शन किया। उपायुक को महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा ने राज्य हित में उपयुक्त परिस्थितियों के आलोक में अविलंब विधि सम्मत कार्रवाई कर भ्रष्ट निकम्मी अलोकतांत्रिक सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। जिसमें कहा गया हेमंत सरकार के राज में आम जनता, युवा महिला दलित, आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। राज्य की जनता ने सिर्फ बिजली स्वास्थ्य शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर संकट झेल रही है बल्कि भय और आतंक में भी जी रही है। जिलाध्यक्ष ने आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा हेमंत सरकार लोकलुभावन नारा देकर कैसे सत्ता में काबिज हो इसकी चिंता है, अबुआ आवास आदि योजनाओं को लाभ देने का झूठा वादा देकर भरमाया जा रहा है। सिर्फ फार्म भरवाया जा रहा है उसकी सुनिश्चितता कहीं नहीं दिख रही है।

# पोकलेन मशीन और ट्रैक्टर में उग्रवादियों ने लगा दी आग

## पीएलएफआई उग्रवादियों ने 38 करोड़ की योजना में लगी मशीनों को किया टारगेट

- लोहरदगा एसपी ने आगजनी का लिया जायजा, कार्रवाई का दिया भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





जली हुई पोकलेन और घटनास्थल पर पहुंची पुलिस।

**लोहरदगा।** जिला के कैरो थाना क्षेत्र में एक बार फिर नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। इस बार प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के उग्रवादियों ने तांडव मचाया। नक्सलियों ने कैरो थाना क्षेत्र के एड़ादोन में नहर निर्माण कार्य में लगी दो पॉपलेन मशीन और एक ट्रैक्टर को फूंक दिया है। जिससे निर्माण एजेंसी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इस घटना को लेकर जिला पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिले के कैरो थाना क्षेत्र में नंदिनी डैम के तीन नहर के पक्कीकरण और मरम्मती का कार्य लॉर्ड्स इंफ्रा कान प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा 38 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही पीएलएफआई के उग्रवादियों ने धमकी देते हुए लेवी की मांग की थी। इसके बाद घटना को लेकर कैरो थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। लेवी नही मिलने से नाराज उग्रवादियों ने आगजनी कर क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश की है।

**खास बातें :** बुधवार की रात पीएलएफआई के एरिया कमांडर हार्डकोर कृष्णा यादव के हथियारबंद दस्ता ने इस घटना को अंजाम दिया है। आधी रात को योजना स्थल पर पहुंच वहां सो रहे निर्माणकारी एजेंसी के कर्मियों को जगाया। इसके बाद कर्मियों से कहा कि वह मशीनों में आग लगा रहे हैं। किसी ने आग बुझाने की कोशिश की तो उसे गोली मार दी जायेगी। इसके बाद उग्रवादियों ने दो हवाई फायर कर योजना स्थल पर खड़ी दो पोकलेन मशीन और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। घटना के बाद मुख्यालय डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों का जमावड़ा घटना स्थल पर देखने को मिला।

## बड़ागाई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# शिविर में योजनाओं का लाभ लेने का एक अच्छा मौका : जिप सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

**भंडरा।** झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के तीसरे चरण में प्रखंड क्षेत्र की बड़ागाई पंचायत के कुंदो खेल मैदान में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम शुरू होने से पहले जिप सदस्य राजमनी उरांव, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, मुखिया कइली उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। वहीं शिविर में जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहां कि यह राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं की लाभ उठाने का यह बेहतरीन मौका है ग्रामीण शिविर से योजनाओं का लाभ उठायें। वहीं अबुआ आवास योजना के लिए काफी भीड़ शिविर में देखी गयी, आम जनता की सुविधा के लिए सभी विभाग के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये, सभी स्टॉलों में ग्रामीणों का आवेदन लिया गया। जिसमें आपूर्ति विभाग में नया राशन कार्ड व नया नाम जोड़ने, मनरेगा योजना, आय, जाति, आधार कार्ड में सुधार व नया, भूमि से जुड़े मामले, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्य मंत्री पशुधन योजना, जन्म, मृत्यु, अबुआ आवास समेत अन्य योजनाओं का आवेदन पत्र शिविरो में लिये गये।

# चैनपुर के कीतो और बेंदोरा गांव का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया भ्रमण

- गांव के ग्रामीणों ने राशन डीलर के द्वारा समय पर नहीं दिये जाने की शिकायत की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के कीतो, बेंदोरा गांव के ग्रामीणों को समय पर राशन नहीं मिलने पर गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरांव ने भ्रमण किया और ग्रामीणों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि क्षेत्र के ग्रामीण राशन लेने के लिए आधी रात से ही कतार में लग जाते हैं। पिर भी उन्हें राशन नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को बताया कि राशन डीलर राशन हमें ठीक से नहीं देता है। 35 की जगह में 22 केजी, किन्हीं को 20 केजी ही दिया जाता है और जब ग्रामीण पदाधिकारी को बताने की बात करते हैं तो डीलर कहता है - जहां जाना है जाओ, हम देख लेंगे। ग्रामीणों द्वारा राशन डीलर को हटाने एवं कारवाई की बात कहा गया। चैतु उरांव ने कहा कि ग्रामीण अपने आप को ठगा महसूस न करें। अभी तक जिस किसी महीनों से जिनका भी राशन नहीं मिला है, मैं उच्च पदाधिकारियों से बात कर राशन दिलाने का काम करुंगा।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा का धरना, गवर्नर के नाम सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में गठबंधन नेताओं और राहुल गांधी के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान के खिलाफ और हेमंत सोरेन सरकार जन विरोधी नीतियों, राज्य उत्पन्न संवैधानिक संकट, व्याप्त भय,तुष्टिकरण की राजनीति, आकंठ भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, झूठ और लूट की को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन जिला समाहरणालय के समीप किया गया। जिसमें भाजपा के सभी प्रदेश, जिला, मंडल एवं मोर्चों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना के बाद उपायुक्त के द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापान के माध्यम से कहा कि हेमंत सोरेन की 4 वर्ष की नाकामी और वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान दलित आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है।

### 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान महायज्ञ दो से

**गुमला।** शांति कुंज स्वर्ण जयंती वर्ष श्रृंखला कार्यक्रम के तहत गायत्री परिवार महिला मंडल डुमरडीह ने नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान महायज्ञ का आयोजन 2 से 5 जनवरी 2024 तक किया है। महायज्ञ को लेकर दो जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। वहीं तीन जनवरी को सामुहिक जप, ध्यान, साधना, प्रज्ञा योग व्यायाम, कार्यकर्ता गोष्ठी व देव पूजन किया जाएगा। इसी तरह कार्यक्रम पांच जनवरी तक चलता रहेगा।

### बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के कोनबीर चौक में यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक कोनबीर भंडारटोली के सुनील सोरेंगे (16) की गुरुवार को दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रही यात्री बस जैसे ही कोनबीर चौक पहुंची, तो सामने से आ रहे बाइक सवार सुनील को अपनी चपेट में ले लिया। बस-बाइक की टक्कर के बाद सुनील बस के बीच में जा फंसा और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक जोसफ उवि कोनबीर नवाटोली में वर्ग 10वीं का छात्र था और वह घर से सैलून जाने की बात कह निकला था। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर लग गयी। वहीं सूचना मिलते ही दल बल के साथ बसिया पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### भाजपा सदर प्रखंड समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** लोहरदगा भारतीय जनता पार्टी की सदर मंडल की मासिक कार्यसमिति समीक्षा बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुरज दशौंधी की अध्यक्षता मे गुरुवार को शांति आश्रम मे बैठक आहूत की गयी। बैठक मे सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र में पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। बैठक में मंडल अध्यक्ष सुरज दशौंधी ने संगठन के द्वारा पुर्व मे किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। वहीं भावी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की गयी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी सुरज मोहन साहू ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेक ल्योजनाएं मोदी सरकार ने लागू की है। श्री साहू ने कहा- 17 सितंबर को पीएम ने विश्वकर्मा योजना लॉंच कर योजना में 13000 तेरह हजार करोड़ बजट का प्रावधान रखा। इस योजना के अंतर्गत 18 पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगो के लिये पहले चरण मे 01 लाख रुपये और दुसरे चरण मे 02 लाख रुपये की ऋण का प्रावधान बगैर गारंटी सिर्फ मोदी जी के गारंटी पर मात्र 05 प्रतिशत ब्याज में ऋण देने का योजना मे मोदी सरकार ने प्रावधान रखा है। उक्त योजना में अधिक लोगों को लाभ लेने एवं आम लोगों को अधिक लाभ दिलाने की बात बैठक मे साहू ने कही। श्री साहू ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार की अनेक योजनाएंदेश के लोगों को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

# जरजट्टा गांव में लोगों को मिल रहा है मांदर बनाने का प्रशिक्षण

- 25 दिवसीय प्रशिक्षण में हर बारीकी की दी जा रही जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड राँची झारखण्ड एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विशेष घटक योजना के तहत अनुसूचति जातियों के लाभुकों के पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण का रायडीह प्रखंड के जरजट्टा में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बीस प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं।

प्रशिक्षण में बिरसा घासी और गुरुचरण राम के द्वारा जारचट्टा गांव के युवा लोगों को मांदर का निर्माण करने की विधि प्रैक्टिकल के साथ प्रशिक्षण शिविर में दिया गया। जिसमें लोग काफी रुचि से प्रशिक्षण प्राप्त किया और उसे प्रशिक्षण में कई प्रकार के छोटे-बड़े मंदिर बनाये गये।

### बाक्साईट ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर,दो घायल

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के पुराने पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को बॉक्साइट ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसे ऑटो में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं बॉक्साइट ट्रक चालक घटना के बाद ट्रक लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से उक्त पलटे हुए ऑटो को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला। घायलों में बिशुनपुर डुमरपाठ नवाटोली निवासी राजेश चौरान्त व शांति चौरान्त के नाम शामिल है। जिन्हें घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया।

# बढ़ती ठंड को लेकर प्रशासन ने करायी अलाव की व्यवस्था

- सीओ के निर्देश पर भंडरा भौरों मोड़ व थाना मोड़ पर अलाव की व्यवस्था

अलाव से लोगों को कनकनी वाली ठंड से थोड़ी राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** बढ़ती ठंड के मद्देनजर भंडरा आंचल के भंडरा भौरों मोड़ व थाना मोड़ पर प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था की है। अलाव से लोगों को कनकनी वाली ठंड से थोड़ी राहत मिली है। प्रखंड प्रशासन पंचायत के माध्यम से जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर रहा है।

**सीओ ने दी ठंड से बचने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह :** गौरतलब है कि पिछले दिनों सीओ दिनेश प्रसाद ने भंडरा,बड़ागाई,आकाशी मुखिया को अपने-अपने क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। सीओ के निर्देश के बाद भंडरा मुखिया इंदरदेव उरांव ने भंडरा भौरों मोड़ एव थाना मोड़ पर अलाव की व्यवस्था की गयी है।

# सीएम के कार्यक्रम में विधायक चमरा लिंडा के नहीं आने से राजनीति गलियारे में अटकलें तेज

- लोग बता रहे हैं पार्टी से खफा चल रहे हैं विधायक
- विशुनपुर विस क्षेत्र से अपने मैनेजमेंट पावर से तीन बार विधायक बने हैं चमरा लिंडा
- चमरा के चुनावी मैनेजमेंट पावर के आगे पानी भरते दिखलाई पड़ते हैं कांग्रेस व भाजपा के दिग्गज नेता
- चमरा लिंडा के दूसरे दल में शामिल होने से विशुनपुर विधान सभा में जेएमएम का पताका लहरना हो जायेगा नामुकिन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कसीरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय छापर टोली परिसर में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक व जेएमएम नेता चमरा लिंडा शामिल नहीं हुए। जबकि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आये थे। वहीं जिले के सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो व गुमला विधायक भूषण तिर्की भी शामिल हुए। लेकिन चमरा लिंडा के कार्यक्रम में शामिल नहीं होने से राजनीतिक गलियारे में कई अटकलें लगायी जा रही है। लोग कह रहे हैं कि चमरा लिंडा पार्टी से नाराज चल रहे हैं। यही कारण है कि उनके विधान सभा क्षेत्र में कार्यक्रम होने के बावजूद वे नहीं आये। ऐसे एक थ्योरी विधायक चमरा लिंडा के लिए प्रसिद्ध है कि वे न तो अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाते हैं और न ही किसी कार्यक्रम में शिरकत करते हैं। वे रांची अपने आवास से ही विधान सभा क्षेत्र का संचालन बखूबी कर रहे हैं।

**चुनाव का लेजेंड हैं विधायक चमरा लिंडा :** लोग विधायक चमरा लिंडा को चुनाव का लेजेंड की भी संज्ञा देते हैं क्योंकि वे मात्र चुनाव में ही क्षेत्र में अपना प्रचार-प्रसार करते हैं। वे अपने चुनावी मैनेजमेंट से तीन बार विशुनपर विधान सभा क्षेत्र से विधायक चुने गये हैं और क्षेत्र की जनता उन्हें अपने सर आंखों पर बैठाये रखते हैं। भले ही वे क्षेत्र में जायें या न जायें। उनके ऐसा चुनाव मैनेजमेंट पावर भाजपा व कांग्रेस के दिगज नेताओं के पास भी नहीं है। जिसके कारण विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा व कांग्रेस को हमेशा मात खानी पड़ती रही है। बहरहाल, मामला जो कुछ भी जो मुख्यमंत्री के आगमन के बाद भी चमरा लिंडा के कार्यक्रम में शिरकत नहीं करने से राजनीति दलों के लोग लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा के दूसरे दल में शामिल होने की अशांका जता रहे हैं। अगर चमरा लिंडा दूसरे दल में चले जाते हैं तो विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो का पताका लहराना नामुकिन हो जायेगा। क्योंकि चमरा के कार्यकर्ता उनके इशारे पर ही काम करते हैं और उनके दूसरे दल में जाते ही वे भी अपना पाला बदल लेंगे। इधर चमरा के दूसरे दल में जाने की आशंका से भाजपा व कांग्रेस का विशुनपुर विधान सभा जीतने का ख्वाहिश जागृत हो उठा है।

# क्वाफा मुकाबले जीत एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज सेमीफाइनल में

- सेफा में बीएस कॉलेज बनाम गोस्सनर कॉलेज और मारवाड़ी कॉलेज बनाम एसएस मेमोरियल कॉलेज में होगा मुकाबला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मैन ऑफ द मैच का खिताब देते अतिथि।

**लोहरदगा।** स्थानीय बीएस कॉलेज लोहरदगा में चल रही रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को क्वाटर फाइनल मुकाबले सम्पन्न हुए। गुरुवार को खेले गये मुकाबलों में एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गये। बी एस कॉलेज लोहरदगा और गोस्सनर कॉलेज पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

पहला क्वाटर फाइनल एसएस मेमोरियल कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें डोरंडा कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.3 ओवर में 94 रन बनाये। जवाब में एसएस मेमोरियल की टीम ने 13.5 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुकाबले में शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिए एसएस मेमोरियल के अभिषेक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे क्वाटर फाइनल मुकाबले में आरएलएसवाई कॉलेज ने मारवाड़ी कॉलेज के खिलाफ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 104 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में मारवाड़ी कॉलेज ने 12.4 ओवर में केवल 2 विकेट खो कर 105 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रतियोगिता में आज से सेमीफाइनल के मुकाबले खेले जाने हैं।

## स्पीड न्यूज

### मुख्यमंत्री के चतरा आगमन को लेकर डीसी ने स्थल का किया निरीक्षण



**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम हेतु 26 दिसम्बर 2023 को चतरा जिले के सिमरिया प्रखण्ड अंतर्गत कर्बला मैदान में आगमन निर्धारित है। इसे लेकर उपायुक्त अबु इमरान सिमरिया प्रखण्ड के कर्बला मैदान कार्यक्रम स्थल पहुंच विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक तैयारी का जायजा लिया। वहीं उक्त मौके पर हैलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी की जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा ससमय सभी प्रकार की तैयारी को पूर्ण कर लिया जाय। उक्त मौके पर डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरिया नितु सिंह समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### डीसी ने टंडवा प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, लोगों की समस्याओं से हुवे रूबरू



**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को चतरा उपयुक्त अबु इमरान ने टंडवा प्रखंड मुख्यालय का किया दौरा। जहां एसडीओ सुधीर दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव एवं अंचलाधिकारी राजेन्द्र कुमार दास के साथ औपचारिक बैठक किया। इस दौरान डीसी अबु इमरान ने विकास कार्यों एवं विभागवार कई योजनाओं के बारे में जानकारी लिया एवं दिशा निर्देश दिया। ततपश्चात प्रखंड मुख्यालय में मौजूद लोगों से सीधा संवाद कर समस्याओं से रूबरू हुवे एवं समस्या समाधान को लेकर सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को हिदायत किया गया। साथ ही अंचल कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय के तमाम टेबलों में जाकर कागजात की देख- रेख कर लंबित पड़े कार्यों को तेजी गति से करने की निर्देश दिया एवं तमाम योजनाओं से जुड़े निश्वार्थ भाव के साथ लोगों तक लाभ दिलाने की हिदायत दी गई।

### अबुआ आवास को लेकर किया जा रहा है सत्यापन कार्य



**गिद्धौर।** प्रखंड के मझगांवा पंचायत के विभिन्न गावों में गुरुवार को अबुआ आवास का सात्यापन कार्य किया0 गया। चल रहे सत्यापन कार्य के क्रम में प्रमुख तथा उप प्रमुख भी पहुंचे थे। मालूम हो कि अबुआ आवास सत्यापन को लेकर बीते सोमवार को गिद्धौर के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने कमिटी गठित कर अबुआ आवास के आए आवेदन का सत्यापन कार्य करने का निर्देश दिया है। इसे लेकर प्रखंड के मझगांवा पंचायत के विभिन्न गांव में सत्यापन कार्य किया गया। साथ ही जिओ टैग भी की गई। बहरहाल सत्यापन करने वाली टीम में पंचायत की मुखिया सरिता देवी, पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय, रोजगार सेवक निर्मल दांगी स्वयंसेवक विजय रजक, कोडिनेटर फरहद नजनी, ऑपरेटर अभय कुमार,सतीश कुमार सहित अन्य शामिल है।

### वाणिज्य संकाय और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में उद्यमिता की भूमिका विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि सह सचिव डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने की।कार्यक्रम की शुरूआत सचिव, प्राचार्य, प्रो ललित मोहन चौधरी,डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार,प्रो सकेंद्र मिस्त्री,प्रो महेंद्र ठाकुर एवम अन्य शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात सचिव महोदय को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। रानी,कल्याणी एवम सपना के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए प्रो ललित मोहन चौधरी ने कहा कि उद्यमिता आज के युग में बहुत ही महत्वपूर्ण है। रोजगार को बढ़ावा देने,आत्मनिर्भर बनने, जीडीपी की वृद्धि करने,प्रतिव्यक्ति आय को बढ़ाने में उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत को पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था को बनाने में उद्यमिता ने अपनी भूमिका निभाई है।प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि उद्यमिता लोगों में साहस,और प्रेरणा उत्पन्न करता है।यह नवप्रवर्तन और स्किल को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि आज जितने भी बड़े बड़े उद्योगपति है सभी ने छोटे स्तर से अपना वयवसाय सुरू किया। प्रो सकेंदर मिस्त्री ने कहा कि उदयमी बिना पैसे के भी यदि चाहें तो व्यवसाय सुरू कर सकते हैं। प्रो महेंद्र ठाकुर ने कहा कि उद्यमिता के द्वारा रोजगार के नए नए अवसरों की वृद्धि होती है। कार्यक्रम में 16 छात्र छात्राओं ने अपना पेपर पढ़ा। कार्यक्रम में डॉक्टर मंसूर आलम फखरी, डॉक्टर ईवा सिन्हा,प्रो संदीप कुमार,प्रो धीरेंद्रकुमार, प्रो राकेश, प्रो लीलू रानी, प्रो मधुबाला सहित छात्र छात्र उपस्थित रहें।

# किसानों की समस्या होगी दूर, हर खेत को मिलेगा पानी : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा के किसानों के लिए नई खुशखबरी है। जिले में लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से सात नए चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। जिसने 290 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। लघु सिंचाई विभाग झारखंड सरकार ने इसके निर्माण की प्रशासनिक स्वीति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में सात चेक डैम के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि गढ़वा प्रखंड के हरबरवा नाला पर 75 लाख 77 हजार 100 रुपए, बिरहा नाला पर 64 लाख 12 हजार रूपए की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही रंका प्रखंड के मरघटवा नाला पर 63 लाख 45 हजार सात सौ रुपए, लुकफुचिया नाला पर 67 लाख 45 हजार तीन सौ रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण, धुरकी प्रखंड के यूरिया नदी पर 80 लाख 88 हजार 400 रुपए की लागत से, कुडेश नाला पर 60 लाख 86 हजार 100 रुपए की लागत से तथा भवनाथपुर प्रखंड में कहवा घाटी नाला पर 67 लाख 88 हजार 900 रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार किसानों की हर समस्या दूर करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र के लोग षि के लिए पूरी तरह से वर्षा पर आश्रित है, परंतु यहां कम वर्षापात के कारण किसानों को कृषि कार्य में काफी समस्या होती है। मंत्री ने कहा कि किसानों की हर समस्या दूर होगी। हर खेत को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इसके लिए वे पूरी तरह से प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि जब किसान समृद्ध होंगे, तभी राज्य समृद्ध होगा। झारखंड सरकार इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। आने वाले समय में अन्य नदी, नालों पर आवश्यकता के अनुसार चेक डैम का निर्माण कराया जाएगा।

## विकास और शांति व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : आयुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विकास और शांति व्यवस्था क्षेत्र की पहचान होती है। इसमें जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सभी के सहयोग से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त होगी। मुखिया का जुड़ाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक होता है। विकास योजनाओं को सक्रियता से पहुंचाने में सहयोग करें। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने जिले के रंका प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का भ्रमण सह निरीक्षण के उपरांत बैठक कर कही। उन्होंने कहा कि योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में सहयोग करें। उन्होंने विकास योजनाओं में आ रही बााओं को आपसी समन्वय से दूर करने का निर्देश दिया। पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि प्रखंड-अंचल कार्यालय के संपर्क में रहकर विकास योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाएं। सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं। आपसी समन्वय से विकास में आने वाली कठिनाईयों को दूर करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की मांग पर थाना दिवस के आयोजन का भरोसा दिया। गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि गढ़वा विकास के लिए प्राथमिकता में है।

जनप्रतिनिधि को सरकार की योजनाओं एवं क्षेत्र के जरूरतमंद व्यक्तियों की जानकारी होने से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर हो रहा है। इसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजनों को मिलना ही योजना की सफलता है। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने सड़क दुर्घटना पर प्रकाश डालते हुए सावधानियां बरतने की अपील की। इसके पूर्व गढ़वा डीडीसी राजेश कुमार राय ने सभी का परिचय करवाते हुए बैठक का विषय प्रवेश कराया। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, आदिम जनजातियों के लिए संचालित योजनाएं एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई और इन योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने की बातें कही गयी। बैठक में आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, प्रमुख हेमंत लकड़ा, उप प्रमुख अनुभा सिंह, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाकािरी सुशील कुमार राय, रंका एसडीओ विजय कुमार, बीडीओ देवानंद राम, सीओ शिवपुजन तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाकािरी साकेत कुमार पाण्डेय सहित गढ़वा के जिला स्तरीय एवं रंका प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के पदाकािरी एवं स्थानीय जनप्रतिनिायों में प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र के गनियारी कला पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ जुल्फिकार अंसारी, पंचायत के मुखिया शंभु प्रसाद गुप्ता, प्रखण्ड प्रमुख शांति देवी, जिप सदस्य सुनीता कुमारी, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने सामुहिक रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीडीओ ने लगाए गए सभी स्टॉल तक पहुंच कर बारी-बारी से योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक दी। इस दौरान लगभग 125 कंबल और दो ट्राई साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि प्रशासन आपके द्वार पर आपकी योजनाओं को लेकर आयी है इसमें आप बढ़-चढ़कर भाग लेने एवं एवं अपनी समस्या को रखें। मौके पर बीडीसी सविता देवी, उप मुखिया हसबुन नेशा, तौसफी राजा महबूब अंसारी, बीडीसी कुर्बान अंसारी, धीरेन्द्र यादव, विमला देवी, इबरार अंसारी, बैजनाथ सिंह, कामेश्वर सिंह, बैजनाथ कोरवा, नंदू राम, तेतरी देवी, प्रमोद सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### सीएचसी प्रभारी व स्वास्थ्य कर्मियों के बीच नोंक झोंक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप बैठा एवं स्वास्थ्य कर्मियों के बीच गुरुवार को नोंक झोंक हो गयी। नोक झोंक इतना बढ़ गया कि मरकच्चो पुलिस को मामले को शांत करने के लिए पहुंचना पड़ा। वहीं मरकच्चो स्वास्थ्य केंद्र के प्रधान लिपिक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के खिलाफ धरना पर बैठ गए। इस दौरान कर्मियों ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रदीप बैठा के द्वारा उनके उपर गंभीर आरोप लगाकर उन लोगों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि प्रधान लिपिक जयप्रकाश सिंह के खिलाफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित कर्मियों के द्वारा आवेदन दिया गया था कि हाजिरी बनाने तथा अन्य दस्तावेज के लिए पैसा मांगा जाता है, जिसकी शिकायत पर हमने उनसे स्पष्टीकरण को लेकर लिखित मांगा था।

## एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने अंतर-क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का किया समापन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** इंट्रा-रीजनल स्पोर्ट्स मीट 2023 का एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा में शानदार समापन हुआ। नॉर्थ करणपुरा ने गर्व से अपने उद्घाटन आईआरएसएम शतरंज टूनामेंट की मेजबानी की। जिसमें पूरे क्षेत्र की सम्मानित टीमों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। भाग लेने वाली टीमों में एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा, एनटीपीसी बोंगाईगांव, दर्लिपल्ली, तालचेर थर्मल और तालचेर कनिहा असम और ओडिशा से शामिल थे। भव्य समापन और पुरस्कार वितरण समारोह सुभाष चंद्र बोस सभाघर में हुआ। इस मौके पर पार्थ मजूमदार, रेड ईआर - क्क्र मुख्यालय, एस के पांडा, एचओपी नॉर्थ करणपुरा, वसुधा लेडीज क्लब, ईआर-क्क्र मुख्यालय की अध्यक्ष महुआ मजूमदार और वसुंधरा लेडीज क्लब, एन के एस टी पी पी की अध्यक्ष अलका नंदा पांडा उन विशिष्ट अतिथियों में शामिल थीं। जिन्होंने कार्यक्रम के महत्व को बढ़ाया। व्यक्तिगत वर्ग में, तालचेर कनिहा के फाल्गुन अजुगिया ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। दर्लिपल्ली के अविनाश ने प्रशंसनीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान हासिल किया और प्रतियोगिता में बढ़त हासिल की। विजेता टीम के शानदार प्रदर्शन का श्रेय चक्रधर साहू के प्रबंधकीय मार्गदर्शन में फाल्गुन अजुगिया, बिशाल गौरव और टी. किरण कुमार जैसे खिलाड़ियों को दिया गया। वहीं उत्तरी करणपुरा ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। टीम के सराहनीय प्रदर्शन का श्रेय मल्लिकार्जुन रेड्डी, हिमांशु सिंह गौर और मृत्युंजय जयसवाल को जाता है। इंट्रा-रीजनल स्पोर्ट्स मीट 2023 ने न केवल खेल भावना का जश्न मनाया, बल्कि भाग लेने वाली टीमों के बीच सौहार्द को भी बढ़ावा दिया। इसने खेल को बढ़ावा देने और पूरे क्षेत्र में प्रतिभा को पहचानने के लिए एनटीपीसी करणपुरा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## डीसी की अध्यक्षता में नोडल पदाधिकारी और सहायतार्थ पदाधिकारियों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित गठित कोषांग के नोडल पदाधिकारियों, सहायतार्थ पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से ईपिक नम्बर सहित मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों और चुनाव ड्यूटी पर तैनात, अन्य व्यक्तियों का डाटा बेस तैयार करने, प्रशिक्षण योजना की तैयारी और आयोजित प्रशिक्षण की स्थिति, प्रशिक्षण स्थल एवं हॉल की पहचान, वेब कास्टिंग, लैपटॉप, प्रोजेक्टर आदि सहित प्रशिक्षण उपलब्ध करना एवं क्रय करना, डाक मत पत्र की आवश्यकता का आकलन, पोस्टल बैलेट के लिए डाटा बेस तैयार करना, पुलिस अधिकारियों की प्रशिक्षण की योजना, ईवीएम जागरूकता योजना एवं ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र और मोबाइल प्रदर्शन वैन के लिए जन शक्ति का प्रशिक्षण समेत अन्य बिन्दुओं पर क्रमवार समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होने कहा निर्वाचन अति महत्वपूर्ण कार्य है सभी कार्य निर्वाचन आयोग के गाईडलाईन के अनुसार किया जाय। निर्वाचन संबंधि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका खास ख्याल रखा जाय। साथ ही उन्होने कहा कि ईपिक नम्बर सहित मतदान कर्मियों, पुलिस कर्मियों और चुनाव ड्यूटी पर तैनात, अन्य व्यक्तियों का डाटा बेस तैयार करने हेतु अपने अपने विभागों से पदाधिकारियों/कर्मियों का डाटा उपलब्ध कराई जाय। आगे उन्होने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं, अबसेंटी वोटर व 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं का डाटा बेस तैयार करले। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा व सिमरिया को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण से संबंधित योजना के लिए डाटा तैयार करलें।

### आहर्ता रखने वाले योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दें : मेघा

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंड के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आमजनों द्वारा उनकी समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। इसे लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सरकार आपके द्वार में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन करने को लेकर बैठक कीं। बैठक में बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, जाति, आवासीय, जन्म प्रमाण पत्र, अबुआ आवास योजना, राशनकार्ड, मनरेगा के तहत नये योजना से संबंधित प्राप्त आवेदन, सामुदायिक वन पट्टा, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना, व्यक्ति वन पट्टा, केसीसी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, दाखिल खारिज, बिजली, भुमि नापी आदि से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निस्तारण करने की समीक्षा किया गया।

## एक नजर में

### नो हेलमेट नो पेट्रोल, नो सीट बेल्ट नो फ्यूल को लेकर एसपी ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने जिले के पेट्रोल पम्प एसोसिएसन व पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर एक बैठक किया। जहां उन्होंने सड़क सुरक्षा कमिटी के द्वारा शहर में हो रहे वाहन दुर्घटना की समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अिकांश दुर्घटनाएं बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन सवारों के होते हैं। इसी प्रकार कार चालक भी सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करते हैं और दुर्घटना होने पर गम्भीर चोट के शिकार हो जाते हैं। जिसमें उनकी जानें भी चली जाती है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हेलमेट एवं सीटबेल्ट नहीं लगाने वाले व्यक्तियों को किसी भी पेट्रोल पम्प पर ईंधन न दिया जाय एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में आम-जनों को जागरुक बनाने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि पेट्रोल पम्प में लगे कैमरों को बढ़ाया जाय एवं खराब या बन्द पड़े कैमरों को ठीक कराया जाए। वहीं कुछ कैमरों को मुख्य सड़क की दिशा में किया जाए ताकि आने-जाने के रास्तों पर निगरानी रखी जा सके। वहीं सभी पेट्रोल पम्प संचालकों के बीच नो हेलमेट नो पेट्रोल एवं नो सीट बेल्ट नो फ्यूल छपे बैनरों का वितरण किया गया। शीघ्र ही इस प्रकार के बैनर सभी पेट्रोल पम्प पर लगाये जायेंगे। मौके पर संजय सोमानी, सन्नी कृष्णा, ओम प्रकाश सिंह, सुजीत यादव, उमेश यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### सभी बिरहोर परिवारों का नाम राशन कार्ड में जोड़ें : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज जिले के बिरहोरों के समस्याओं से अवगत होती रही हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को उपायुक्त झुमरीतिलैया नगर परिषद् अंतर्गत झरनाकुंड बिरहोर टोला का भ्रमण किया। वहीं उन्होंने बिरहोर लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं से अवगत हुई और डीपीओ यूआईडी को बिरहोर टोला में आधार कैंप लगाकर शत् प्रतिशत बिरहोरों का आधार कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

ताकि उन्हें राशन मिल सके, साथ ही पदाधिकारी की उपस्थिति में डाकिया योजना के तहत राशन उपलब्ध करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने वहां पर पानी की समस्या को देखते हुए जल मीनार बनाने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् झुमरीतिलैया को दिया। साथ ही वहां पर सोकता का भी निर्माण करने को कहा। उपायुक्त ने अपने भ्रमण के क्रम में बहुत सारे आवास को जर्जर हालत में देखा, उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को बिरसा आवास योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही बिरहोर टोला का नियमित रूप से साफ-सफाई करने की बात कही।

उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार को बिरहोर टोला में नियमित रूप से हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ जांच करने, दवा वितरण करने एवं बच्चों का टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना का उन्हें लाभ दें। मौके पर उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों के बीच कंबल व धोती साड़ी वितरित की और बच्चों को स्वेटर दी।

### जमीनी विवाद में हुई संजय की हत्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में घायल संजय सिंह की मौत के बाद आक्रोशित मुहल्ले के लोगों ने गुरुवार को अपराह्न 3 बजे से तिलैया थाना के सामने जमकर प्रदर्शन किया। थाना के सामने प्रदर्शन कर रहे लोगों ने संजय सिंह के हत्यारों को अभिलंब गिरफ्तारी व फांसी देने के साथ-साथ मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। इस दौरान रांची पटना मुख्य मार्ग लगभग तीन घंटे तक जाम रहा। समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन स्थल पर लोग एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। जबकि थाना के मुख्य द्वार पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। इस क्रम में मृतक संजय सिंह की पत्नी बार-बार बेहोश हो रही थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। उल्लेखनीय रहे की मास्टर मुहल्ला निवासी संजय सिंह और बिहार के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर केपी यादव के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। पिछले 12 दिसंबर को जब विवाद बढ़ गया तो संजय सिंह ने केपी यादव और उनके पुत्रों राज कपूर, प्रेम कपूर दोनों के पिता कैलाश प्रसाद यादव एवं सोनू कुमार के खिलाफ तिलैया थाना में मामला दर्ज कराया। बाद में केपी यादव के द्वारा भी संजय सिंह के खिलाफ थाना में आवेदन दिया गया, मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं शुक्रवार को विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। इसमें संजय सिंह घायल हो गया, जहां 20 दिसंबर को रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद से रिटायर्ड इंस्पेक्टर के परिजन फरार बताया जा रहा है।

समय पर इलाज हो जाती तो बच जाती संजय की जान : ग्रामीण

तिलैया थाना में आवेदन देने की बाद अगर पुलिस त्वरित उचित कार्रवाई करती को मारपीट की घटना नहीं होती और संजय सिंह की जान बच सकती थी। परंतु पुलिस की लापरवाही ने संजय की जान ले ली। प्रदर्शन के दौरान जाम को हटवाने के लिए एसडीओ संदीप कुमार मीणा पहुंचे थे, मगर आक्रोशित लोगों के द्वारा एसपी को बुलाने की मांग की जा रही थी।

स्पीड न्यूज

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 113 वां स्थापना दिवस



**बालूमाथ।** बालूमाथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में गुरुवार को बैंक का 113 स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर स्वदेशी बैंक की पहले अध्यक्ष फिरोज शाह मेहता के चित्र पर माला अर्पण कर उन्हें नमन किया गया और केक काटा गया। मौके पर बोलते हुए शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने कहा कि आपके सभी ग्राहकों का बैंक को लेकर विश्वास और संरक्षण के लिए हम आभार व्यक्त करते हैं। सन 1911 में स्थापित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया पहला भारतीय वाणिज्यिक बैंक था। जिसका पूर्ण स्वामित्व और प्रबंधन भारतीयों के हाथ में था। बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला ने इस बैंक की स्थापना करते हुए हर भारतीय के स्वप्न को साकार किया। वहीं स्वदेशी बैंक के पहले अध्यक्ष सर फिरोजशाह मेहता थे। मौके पर मनीष केसरी मनीष भगत अंकुर कर्मकार समेत कई बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## करेंट की चपेट में आकर महिला घायल

**बालूमाथ।** वाटर हीटर रॉड से पानी गर्म करने के दौरान करेंट की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देवन्ती देवी 45 वर्ष पति राजेंद्र प्रजापति ग्राम जबरा थाना बारियातु निवासी अपने घर में नहाने के लिए वाटर हिटर रॉड से पानी गर्म कर रही थी। जिसकी चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के परिजनों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## गुड्डी फास्ट फूड एंड रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रसाद पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को गुड्डी फास्ट फूड एवं रेस्टोरेंट का उद्घाटन सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने फीता काटकर किया। रेस्टोरेंट के संचालक गुड्डी देवी ने बताया कि यह रेस्टोरेंट जेएसएलपीएस के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस रेस्टोरेंट में मटन हांडी, मांसाहारी, शाकाहारी भोजन एवं सभी तरह के फास्ट फूड उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा। वहीं शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने कहा कि महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही है। जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं कई तरह के उद्योग धंधा कर आपका जीवको पार्जन कर रही है। इस मौके पर जेएसएलपीएस के एफटीसी पूजा सिंह, आईपीआरडी ललिता सिंह, सीएफएल अंजू देवी, डीईओ नीलम कुमारी, एडमिन प्रवीण कुमार, जिला परिषद के पूर्व सदस्य सुनीता देवी, बैंक शाखी सोनी देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## आज से टोरी में शुरू होगा फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य

**चंदवा।** चंदवा वासियो की वर्षों की मांग आखिरकार आज पूरी हो गयी। धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामले में अहम स्टेशनों में सुमार टोरी जंक्शन में फुट ओवर ब्रिज निर्माण की शुरूआत आज से होगी। ईस्ट सेंट्रल रेलवे द्वारा पत्र जारी कर रेलवे के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जिसमें 22 दिसम्बर 2023 से फुट ओवर ब्रिज निर्माण शुरू करने की बात उल्लेखित है। उक्त जानकारी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के हवाले से दी गयी है। बता दें कि टोरी जंक्शन के पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही थी। टोरी जंक्शन का विस्तार होने के बाद टोरी जंक्शन पर 10 रेलवे लाइन बिछाए जाने के कारण जंक्शन के उत्तर दिशा के कई गांवों के सैकड़ो विद्यार्थी व हजारों को जाम जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करना पड़ता है। लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। फुट ओवर ब्रिज निर्माण शुरू होने की सूचना के बाद लोगों में हर्ष देखा रहा है।

ब्लू स्टोन नामक कम्पनी से सिकनी कोलियरी में लगाया है 19550 टन का डीओ, उठाव को लेकर हुआ विवाद

# चंदवा के सिकनी कोलियरी में कोयला लिफ्टिंग को लेकर हुआ विवाद, मामला गरमाया

- एसपी के निर्देश पर जांच को लेकर एसआईटी टीम गठित
- विवाद के बाद डीओ होल्डर्स व लिफ्टर हुई गोलबंद, एसपी से लगाई न्याय की गुहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/चंदवा।** चंदवा प्रखंड के सिकनी में जेएसएमडीसी द्वारा संचालित सिकनी कोल परियोजना में गुरुवार की सुबह कोयला उठाव को लेकर जम कर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट व हाथापाई तक जा पहुंचा। जिसमे झामुमो जिलाध्यक्ष के अंगरक्षक आंशिक रूप से घायल हो गए। दो पक्षों में विवाद व झड़प के बाद कोलियरी में काम काज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता दिख रहा है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसपी अंजनी अंजन के द्वारा जांच को लेकर एसआईटी टीम भी गठित की गई है। मामले को लेकर एक पक्ष के द्वारा लातेहार एसपी के नाम वहीं दूसरे पक्ष के द्वारा चंदवा थाना में आवेदन दिए जाने की बात सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव सिकनी कोल परियोजना पहुंचे थे, इसी दौरान ब्लू स्टोन कमोडिटीज के लिफ्टर अनिल यादव व नितेश यादव के साथ कोयला उठाव को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच दोनो पक्ष आमने-सामने हो गए, घटना में जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव का अंगरक्षक आशीष कुमार सिंह पिता महेंद्र कुमार सिंह आंशिक रूप से चोटिल हो गया। जिसका उपचार चंदवा सीएचसी में कराया गया है। इधर मामले में पुलिस के द्वारा निरंजन यादव व रामानंदन प्रसाद (गुड्डू साव) दो लोगो को हिरासत में ले लिया है। लेकिन मामले को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी स्पष्ट रूप से कुछ भी बोलने से परहेज करते देखे गए। अनिल यादव ने बताया कि सिकनी कोल परियोजना में ब्लू स्टोन कमोडिटीज नामक कंपनी ने 19 हजार 550 टन का डियो लगाया था, जिसका उठाव गुरुवार से होना था। कंपनी के लिफ्टर नितेश यादव एवं अनिल यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि 2 दिन पूर्व से कोयला का उठाव नहीं करने की बात कही जा रही थी। इसी दौरान गुरुवार को जैसे ही वे अपनी गाड़ी लेकर कोयला उठाव के लिए पहुंचे, जिला अध्यक्ष अपने अंगरक्षक के साथ कोलियरी आकर हमारे साथ मारपीट करने लगे। इधर मामले को लेकर एसपी कार्यालय में आवेदन दिए जाने की बात भुक्तभोगी अनिल यादव ने कही है।

### क्या कहते हैं एसपी

मामले को लेकर एसपी अंजनी अंजन के बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को लेकर एसआईटी टीम गठित की गई है। मामले में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसमे जांच जरुरी है। मामले में 4-5 लोगो पर प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। इसका विस्तृत जांच किया जा रहा है।



### क्या कहते हैं झामुमो जिलाध्यक्ष

इस संबंध में जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि गुरुवार की सुबह सिकनी कोलियरी में डिस्पैच देखने गए थे, इसी बीच दूसरे पक्ष के लोग उग्र हो गए। मारपीट की नौबत आने पर अंगरक्षक ने मोर्चा संभाला। जिसमे अंगरक्षक घायल हो गए।

### क्या कहते हैं खान अभिकर्ता

इस संबंध में खान अभिकर्ता उमेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंधन का उद्देश्य कोयले के डिस्पैच को बढ़ाना है। जिन्होंने भी डीओ लगाया है, उनके कोयले का उठाव हर हाल में होगा। परियोजना का काम शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

## सूर्य मंदिर निर्माण के लिए 11 हजार रुपए की दी राशि



राशि देते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शहर के चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पर बन रहे सूर्य मंदिर निर्माण के लिए श्री छठ पूजा फल वितरण समिति, बाइपास चौक के द्वारा 11 हजार रुपए की सहयोग राशि दी गयी है। समिति के संरक्षक आशीष टैगोर, राज मोहन प्रसाद, संजय दास, संजय प्रसाद, सुनील प्रसाद व रूपेश प्रसाद आदि ने श्री सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह को 11 हजार रुपए नगद सौंपा। अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने इसके लिए आभार प्रकट किया और कहा कि श्री छठ पूजा फल वितरण समिति, बाइपास चौक का यह एक सराहनीय कार्य है। समिति के राजमोहन प्रसाद उर्फ बच्चु लाल व संजय दास ने बताया कि समिति के द्वारा प्रति वर्ष छठ पूजा के मौके पर छठ व्रतियों के लिए फल व छठ पूजन सामग्रियों का वितरण किया जाता है। इस कार्य में शेष बची राशि को मंदिर निर्माण में सहयोग के रूप में दिया गया है। उन्होने कहा कि समिति के द्वारा मंदिर निर्माण में आगे भी सहयोग किया जायेगा। मौके पर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, दीपक विश्वकर्मा, राजू रंजन सिंह आदि मौजूद थे।

## भगवान भरोसे चल रहा है बरवाडीह का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

- चिकित्सक नदारद, सीएचओ चला रही है ओपीडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों चिकित्सकों और संसाधनों की कमी के कारण खुद ही बीमार हो चुका है। यहां चिकित्सक की कमी के कारण ओपीडी और इमरजेंसी सेवा भगवान भरोसे चल रही है। बुधवार को जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 30 से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण एनजीओ के माध्यम से कराया गया। परंतु इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं दें और ना ही स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित बीपीएम मौजूद थे। वहीं गुरुवार को भी चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण ओपीडी सीएचओ के द्वारा चलाई गई। मामले की शिकायत मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने गुरुवार के स्वास्थ्य केंद्र पहुंच वहां की बदहाल स्थिति देखकर नाराजगी जताई और पूरे मामले की जानकारी दूरभाष पर जिला सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह को दी। उन्होंने चिकित्सकों के नदारत रहने से हो रही परेशानी और स्वास्थ्य केंद्र की लचर व्यवस्था से सीएस को अवगत कराया। बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में चिकित्सा व्यवस्था का लाचार होना काफी चिंताजनक है, और इसकी शिकायत लगातार मिल रही है कि चिकित्सक प्रखंड मुख्यालय में रहने के बजाय सीएचओ के सहारे छोड़ मुख्यालय से नदारत रहते हैं। बता दें कि यहां प्रसूता महिलाओं को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। हॉस्पिटल में कार्यरत महिला कर्मियों के द्वारा अधिकांश प्रसूता महिलाओं को प्रसव के लिए बरवाडीह में संचालित निजी अस्पतालो में जाने की सलाह दी जा रही है। जिससे प्रसव पीड़िता के परिजनों आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है।



हॉस्पिटल का निरीक्षण करते बीडीओ और बीस सूत्री अध्यक्ष।

एक नजर में

## विद्यालय में मध्याह्न भोजन में अनियमितता और शिक्षक की मनमानी का ग्रामीणों ने किया विरोध



विरोध करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित माध्यम विद्यालय भाटचतरा में माध्यमहन भोजन व शिक्षक की मनमानी को लेकर ग्रामीण अभिभावकों ने विरोध किया। ग्रामीण के अभिभावक कामेश्वर यादव, सुरेंद्र तुरी, अजय तुरी, नरेश राम, प्रमोद तुरी, लीलू लोहरा, दिलीप यादव, भगलाल यादव, बिनोद तुरी, संदीप पाण्डेय, विकास यादव, संतोष यादव, मोति तुरी सहित कई अन्य ग्रामीण ने मध्य विद्यालय भाटचतरा में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मिंन्यु के आधार पर भोजन नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। शिक्षक नियमित नहीं पढाते हैं इधर-उधर घूमते रहते हैं। क्लास के आधार पर शिक्षक नहीं है। विद्यालय प्रथम से आठवीं क्लास तक चलता है। विद्यालय में शिक्षक की घोर कमी है इधर ऑनलाइन हाजिरी बनाकर शिक्षक अजय सिंह गायब रहते हैं। गायब रहने वाले अजय सिंह को अविलंब विद्यालय से हटाने की मांग की है। शिक्षक पंकज कुमार, मनोज तुरी, ऋषि सिंह जो नियमित विद्यालय में रहते हैं। 20 दिसंबर बुधवार को विद्यालय में भोजन नहीं बनाया गया। जिससे पढ़ने वाले सभी भूखे वापस घर गए। कोरोना कल में दिए जाने वाले चावल व राशि विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किसी बच्चे को नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त व जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से अविलम्ब विधि व्यवस्था सुधार करने की मांग की है। उक्त सम्बन्ध में विद्यालय में उपस्थित शिक्षक पंकज कुमार से बात किए जाने पर कहा की 20 दिसंबर को एक रासोईया इलाज के लिए रांची रिम्स चली गई थी। घर जाकर पता किए तो अन्य रासोईया धान काटने गई थी। जिसके कारण भोजन नहीं बनाया गया था।

## लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा पहुंची गारू, डीलरों के साथ की समीक्षात्मक बैठक



गोदाम जांच करते डीएसओ।

**गारू।** लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा गुरुवार को गारू का दौरा कर गारू प्रखण्ड सभागार में डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र पाठक, एजीएम राजेश कुमार, डीलर उमेश प्रसाद, शम्भू बैठा आदि समेत लगभग सभी राशन दूकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद थे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने कहा कि दबे कुचले एवं आर्थिक से कमजोर लोगों के लिए सरकार के द्वारा राशन वितरण की व्यवस्था कि गई है। सो इसमे बहानेबाजी या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने डीलरों को सौ प्रतिशत हर हाल में राशन वितरण करने का सख्त निर्देश दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मी लकड़ा ने उपस्थित डीलरों को डुप्लीकेट यूआईडी, शादी-शुदा, मृत, डबल कार्डधारी लाभुकों की सूची भी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। लापरवाही करने पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक के बाद गोदाम का भी निरीक्षण किया गया, स्टॉक पंजी, वितरण पंजी की भी जांच की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मी लकड़ा ने राशन वितरण करने के समय डीलरों को आ रही परेशानी एवं समस्याओ से भी अवगत हुए एवं उनके निराकरण की बात कही। मौके पर एमओ जितेंद्र कुमार पाठक, एजीएम राजेश कुमार,

चतरा सांसद सुनील सिंह के प्रयास से छिपादोहर में बदला गया ट्रांसफार्मर

## बीस दिनों से अंधेरों में रहने को मजबूर थे बैगा टोला के लोग : अजय सोनी

- ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सांसद का जताया आभार



नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते सांसद प्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह के सार्थक प्रयास से छिपादोहर हाई स्कूल मोड़ के पास पिछले बीस दिन से खराब पड़ा ट्रांसफ्रोमर गुरुवार को विद्युत विभाग के द्वारा बदल दिया गया है। सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के खराब होने के कारण बैगा टोला के ग्रामीण अंधेरों में रहने को विवश थे। वहीं इलाके में पानी सप्लाई भी बाधित थी। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। उधर जानकारी के बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया था। जिसे देखते हुए परेशान ग्रामीणों के द्वारा सांसद महोदय को पत्र लिखकर अवगत कराया गया। उधर सांसद महोदय की अनुशंसा पर गुरुवार को ट्रांसफर बदले जाने के बाद लोगों में हर्ष देखा गया। ग्रामीणों ने सांसद सुनील सिंह का आभार व्यक्त किया है। वहीं सांसद प्रतिनिधि ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया। इस मौके पर छिपादोहर भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, भाजयुमो मंडल महामंत्री पवन गुप्ता, चंद्रदीप सिंह, अरुण प्रसाद, विजय प्रसाद, विद्या कुमार मिश्रा, दिनेश प्रसाद, जयप्रकाश गुप्ता और सुमित समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल बारी स्वास्थ्य उपकेन्द्र में लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



नेत्र जांच कराते लोग।

**चंदवा।** पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा गुरुवार को सामुदायिक विकास (सीडी) गतिविधियों के तहत बनहरदी कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत आने वाले विस्थापित गांव बारी के स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बारी एवं आसपास के गांवों के कुल 223 ग्रामीणों ने नेत्र जांच व परीक्षण कराने का लाभ उठाया। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गई, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर चश्मे की उपलब्धता और संभावित मोतियाबिंद की सर्जरी के जरूरतों का पता लगाने की सुविधा भी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत मुखिया सुष्मिता कुमारी, विशेषज्ञ डॉक्टर एवं पीवीयूएनएल (महाप्रबंधक भू अर्जन एवं पुनर्वास)मणि कांत, आर बी सिंह (अपर महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक) विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर), शुभंकर मंडल, कार्यपालक का योगदान सराहनीय रहा।

## अवैध कोयला लदे हाईवा वाहन व रेकी कर रहे स्कॉर्पियो को बारियातू पुलिस ने किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेशानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाकर थाना गेट के सामने अवैध कोयला लदा 16 चक्का हाईवा जेएच 19 ई 7020 वाहन को एंव रैंकिंग कर रहे एक स्कॉर्पियो को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोल माफियाओं द्वारा 16 चक्का हाइवा वाहन में 40 टन अवैध कोयला लेकर मुख्य मार्ग होते चतरा की ओर जा रहे थे। इसी बीच एसपी अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू पुलिस गेट के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर रैंकिंग कर रहे स्कॉर्पियो और अवैध कोयला लदे हईवा वाहन को बरियातू पुलिस ने जप्त कर लिया है। उक्त अभियान में मुख्य रूप से बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी पुअनि बिंदेश्वर महतो सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के सभी रैयतों ने निकाली भूमि अधिकार न्याय यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को सभी रैयतों ने जोगना टांड़ से भूमि अधिकार न्याय यात्रा निकाली। पैदल यात्रा मेन रोड होते हुए समाहरणालय पहुंच कर समाहरणालय का घेराव किया। न्याय यात्रा में शामिल भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी और रैयतों ने अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन मे सरकार विरोधी नारेबाजी भी की। न्याय यात्रा और समाहरणालय घेराव के उपरांत पांच सूत्री मांगों पत्र उपायुक्त लातेहार को सौंपा गया। जिसमे 2016-17 तक कटे रशीद को ऑनलाइन करने एवं एएचएआई फोरलेन निर्माण में जमीन का मुआवजा बाजार मूल्य के आधार पर करने समेत अन्य मांग शामिल है। मौके पर समिति के अध्यक्ष गुंजर उरांव, संयोजक बीरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, हीरा यादव बसंत यादव, रंजित यादव, रमेश उरांव, मिथिलेश पासवान समेत काफी संख्या में जिले भर के रैयत शामिल थे।





न्याय यात्रा में शामिल समिति के लोग।

# राज्य में हेमंत की सरकार झूठे वादे कर राज्य की सत्ता पर काबिज बैठी है : हरेकृष्णा सिंह

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के विरुद्ध किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सह मनिका पुर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश के निदेर्शानुसार गुरूवार को जिला मुख्यालय में हेमंत सरकार के विरुद्ध आक्रोश प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला के उपायुक्त हिमांशु मोहन को सौंपा गया। वहीं श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा की राहुल गांधी के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति महामहिम जयदीप धनखड़ को अपमानित कर अपनी विकृत मानसिकता को कांग्रेस पार्टी ने जनता के सामने अपना असली चेहरा दिखाने का कार्य किया है। राज्य में हेमंत की सरकार झूठे वादे कर राज्य की सत्ता पर काबिज बैठी है। राज्य की जनता देख रही है की महिला पर अत्याचार, युवाओं के साथ धोखा, आदिवासी महिला पर अत्याचार, राज्य में विधि व्यवस्था चौपट, तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली सरकार, हेमंत सरकार की चार वर्षों की नाकामियां वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा, महिला, किसान, दलित, आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। एवं इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने किया।

### कार्यक्रम में ये लोग थे उपस्थित

प्रदेश कर समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, ज्योति सिंहा उषा देवी, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला मंत्री संतोष यादव, रेणु देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष सीतामढ़ी तिर्की, सुशील कुमार अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रियंका कुमारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीला देवी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राजू रंजन पांडे, पंकज यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, दिशा की सदस्य रानी देवी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह, मोती सोनी, मनोज प्रसाद, राम गणेश, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पांडे, रघुवीर यादव, जिला कार्य समिति सदस्य भानु सिन्हा, आशा देवी, मंजू देवी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, राकीकला पंचायत समिति विकास तिवारी, मुकेश कुमार, शैलेश सिंह, दिलीप यदुवंशी, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी, पवन गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, पवन कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जुनैद, अनिल सिंह, मदन यादव, धीरजू लोहार, श्याम वेद, महेंद्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

# बिना नीतीश के आइएनडीआइए का कोई औचित्य नहीं : मदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** दिल्ली में 19 दिसंबर को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक के पहले से ही जेडीयू कार्यकर्ता काफी उत्साहित थे। मांग कर रहे थे कि नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाए। पोस्टर भी लग गया कि 'एक निश्चय चाहिए एक नीतीश चाहिए', लेकिन बैठक में जिस तरह से ममता बनर्जी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे कर दिया और अरविंद केजरीवाल ने उसका समर्थन कर दिया उसके बाद से ऐसा लग रहा है कि खेल ही पलट गया है।

गुरुवार (21 दिसंबर) को संवाददाता ने नीतीश कैबिनेट के मंत्री मदन सहनी से बात की। मदन सहनी ने कहा कि बिना नीतीश के इंडिया गठबंधन का कोई औचित्य ही नहीं है। मदन सहनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन बनाने का श्रेय तो सभी लोग नीतीश कुमार को ही दे रहे हैं। गठबंधन में शामिल जितने भी दल हैं सभी लोग इसका श्रेय नीतीश कुमार को दे रहे हैं। आने वाले समय में भी इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार के बिना इस गठबंधन का कोई दूर-दूर तक औचित्य नहीं है। यह आज भी कायम है और आने वाले समय में भी कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि खरगे का नाम आ भी गया तो उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया है। खरगे के नाम पर मदन सहनी ने कहा कि खेल बिगड़ने वाली बात नहीं है।

बैठक में सबको अपनी-अपनी बात रखने का अधिकार है। कहा कि हम लोग यह बात बात मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि किसी भी स्टेट के प्रमुख हों उनके कहने से या उनके खेल बिगाड़ने से यह बिगड़ने वाला है। यह जो गठबंधन है यह पूरी तरह एक एकजुट है और आने वाले समय में इसका असर दिखेगा।

मदन सहनी एक ओर जहां गठबंधन को एकजुट करने की बात कर रहे हैं तो वह यह भी कह रहे हैं कि निश्चित तौर पर आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री नीतीश कुमार ही बनेंगे। उन्हें पूरी उम्मीद है। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काम पूरा देश देख रहा है। उन्होंने जो काम किया है उसको सभी लोग दोहरा रहे हैं। जातीय गणना नीतीश कुमार ने करवाया तो राहुल गांधी ने पूरे देश में से करवाने की बात कही है। खरगे के नाम पर मदन सहनी ने कहा कि खेल बिगड़ने वाली बात नहीं है। बैठक में सबको अपनी-अपनी बात रखने का अधिकार है। कहा कि हम लोग यह बात बात मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि किसी भी स्टेट के प्रमुख हों उनके कहने से या उनके खेल बिगाड़ने से यह बिगड़ने वाला है। यह जो गठबंधन है यह पूरी तरह एक एकजुट है और आने वाले समय में इसका असर दिखेगा।

## गठबंधन की बैठक के बाद तुरंत क्यों निकल गए सीएम नीतीश?



**पटना।** बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं और बहुत जल्द इंडिया गठबंधन में यह तय हो सकता है कि 2024 में कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। हालांकि दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक के बाद बीजेपी कई तरह के सवाल भी उठा रही है। सुशील कुमार मोदी ने दावा किया है कि लालू के करीब होने के चलते ललन सिंह हटाए जा सकते हैं। इंडी गठबंधन की बैठक के बाद नीतीश कुमार तुरंत निकल गए थे इसको लेकर भी बीजेपी के नेता हमला बोल रहे हैं। गुरुवार (21 दिसंबर) को जेडीयू विधायक संजीव सिंह ने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। संजीव सिंह ने कहा कि बैठक खत्म होने के बाद कोई क्या करेगा? बैठक समाप्त होने के बाद निकलना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि ब्रीफिंग के लिए किसी को अधिकृत कर दिया गया था इसलिए नीतीश कुमार नहीं थे। उन्होंने कहा कि अच्छे से इंडिया गठबंधन लड़ेगा और मिलकर लड़ेगा। रिजल्ट भी आएगा, सीट शेयरिंग की बात भी हो गई है। 15 से 20 दिनों के अंदर सीट शेयरिंग की बात हो जाएगी। पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने आगे कहा कि जो बिहार के हित में होगा वही होगा। आगे संजीव सिंह ने कहा कि सुनील कुमार पिंटू पहले से ही बीजेपी के थे। वह फिर बीजेपी में जाएंगे। उनके बयान से कोई असर हमें नहीं पड़ने वाला है। कितने सांसद आते हैं जाते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जेडीयू का अध्यक्ष कौन होगा इसकी मुझे जानकारी नहीं है, लेकिन हटना-लगना तो लगा रहता है। ये कोई मुद्दा नहीं है। वहीं बिहार में शिक्षा विभाग लगातार सुर्खियों में बना है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को लेकर उन्होंने कहा कि वह अच्छा काम कर रहे हैं। मैं उनका समर्थन करता हूं। गांव की जनता केके पाठक के काम से खुश है। शिक्षा का स्तर बढ़ गया है। मैं पहले भी स्कूल जाया करता था और अभी भी जाता हूं, तो पहले से अब की व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है।

# एक दिन पहले हुई युवक रोहित की हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज शाम एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने कल हुए एक युवक के हत्याकांड पर से पर्दा उठाते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की। गोड्डा के नगर थाना अंतर्गत कंहवारा ग्राम के 18 वर्षीय युवक की 19/12/23की रात्रि में कन्हवारा पुल पर उसकी हत्या हो जाती है सुबह लोगों ने मृतक की पहचान की वो रोहित साव नामके युवक की निकली घर। उसके पिता को सूचना मिली सैकड़ों ग्रामीण उत्तेजित होकर सड़क जाम कर दोषी को पकड़ने और मुआवजा की मांग करने लगे जैसे तैसे समझौते के बाद मृतक का शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ले गई ।मृतक के पिता के अरुण साव की फर्द बयान पर मुकदमा दर्ज कर नगर थाना पुलिस को डीएसपी प्रशिक्षु कुमार गौरव के नेतृत्व में गोड्डा एसपी ने टीम गठित कर जांच करने का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने उस रात मृतक के साथ गए उस लड़के पर अपना शक जाहिर करते हुए उसकी पहचान निकलने मे आईटी सेल की मदद से नाथ नगर, बाबर गंज थाना भागलपुर बिहार के सूरज साव की तलाश हुई और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ हुई तो उसने हत्या की बात कबूली। आरोपी के मुताबिक उसकी पत्नी से मृतक रोहित के नाजायज संबंध थे इस बात को लेकर उसने कई बार मृतक को समझाया। लेकिन उसने अपनी हरकते जारी रखी। और इसी बात को लेकर उसके हत्या की योजना बना डाली। आरोपी सूरज मृतक की हत्या की योजना बनाकर और अपने साथ हत्या के सारे सामान लेकर आया और रोहित को पार्टी करने की बात कह कर अपने साथ ले गया और चाकू से उसकी हत्या कर पहचान मिटाने के लिए लाश को जलाई। आरोपी की निशानदेही पर उसकी मोबाइल और मृतक की मोबाइल चाकू, खून से लगे कपड़े सभी बरामद किए गए। इस पुलिस की जांच टीम पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के निर्देश और एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के सहयोग से आरोपी तक पहुंचने में सफल रहे। इसमें नगर थाना प्रभारी गोड्डा, मुफ्फसिल थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक पथरगामा, पुलिस निरीक्षक उमेश महतो पीसीसीआर, पु अ नी उमेश मोदी, पुअनि मुकेश सिंह गोड्डा नगर थाना, मनोरंजन कुमार पुअ नी गोड्डा नगर थाना, पुअ नी अमित अभिषेक मुफ्फसिल थाना सहित टेक्निकल सेल की टीम शामिल रही।

# आवंटित कोल माइंस क्षेत्र में फिर गूंजा नारा, जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे



विरोध करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में कोल कंपनियां को आवंटित क्षेत्र में कोल माइंस का विरोध सप्ताह भर में यह दूसरी बार विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को क्षेत्र के पकलू पाड़ा हटिया परिसर में कोल माइंस के विरोध में ग्रामीणों ने एक वृहद सभा का आयोजन किया।

जिसमें ग्रामीणों ने हरवे हथियार के साथ लेस होकर कोल कंपनियों के विरुद्ध नारेबाजी की और कहा कि किसी भी परिस्थिति में ग्रामीण अपनी जमीन कोल कंपनियों को नहीं देंगे। मुख्य बात यह रही की पचुवारा कोल माइंस के शुरूआती चरण में विरोध स्तंभ रहे मुन्नी हांसदा को भी आमंत्रित किया था। मुनी हंसदा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर कॉल कंपनियों को कोल माइंस खोलने नहीं देंगे ना ही रेलवे सेटिंग में कॉल डंपिंग करने देंगे यह आंदोलन अनवरत चलता रहेगा। बताते चलें कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में आवंटित कोल कंपनियों को अब तक माइंस स्थापना में सफलता नहीं मिल पाई है और ग्रामीणों का विरोध बदस्तूर जारी है। हालांकि प्रशासन और कोल कंपनियां अपने स्तर से ग्रामीणों को समझाने बुझाने और कोल माइंस स्थापना हेतु प्रयत्नशील है परंतु ग्रामीणों के रुख को देखते हुए फिलहाल कोल कंपनियों के लिए माइंस की स्थापना कर पाना मुश्किल भारा साबित हो रहा है।

## धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत खरीद विपणन मौसम को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत खरीद विपणन मौसम 2023-24 को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिले में धान अधिप्राप्ति को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। वहीं उपायुक्त ने सभी पैक्स के पास धान अधिप्राप्ति के दौरान कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में किसी प्रकार की अनियमित न हो, इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत खरीद की गई धान की राशि का भुगतान ससमय हो, सुनिश्चित करेंगे। भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रूपये प्रति क्विंटल व राज्य सरकार द्वारा बोनस 117 रूपये प्रति क्विंटल यानि कुल 2300 रूपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ संदीप कुमार मीणा, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो आदि मौजूद थे।

## नये थाना प्रभारी के रूप में पंचम तिग्गा ने किया पदभार ग्रहण

**डोमचांच (कोडरमा)।** डोमचांच थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में पंचम तिग्गा ने बुधवार देर शाम को पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो की डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां को एसपी अनुदीप सिंह ने कुछ दिन पहले निलंबित कर पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया था तब से इंस्पेक्टर अवोश सिंह को थाना अध्यक्ष के प्रभार में रखा गया था। वहीं पदभार ग्रहण करने के बाद नये थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने कहा कि थाना में बिचौलियावाद पर अंकुश लगाना, महिला उत्पीड़न के साथ-साथ समाज के हर तबके के लोगों को साथ लेकर शांति व्यवस्था बरकरार रखना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण के साथ-साथ लोगों पर विश्वास को कायम रखने का प्रयास होगा।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सतगावां प्रखंड के नावाडीह, डोमचांच प्रखंड के बंगाखलार, कोडरमा प्रखंड के छतरबर, चंदवारा प्रखंड के पथलगड़ा एवं जयनगर प्रखंड के गड़गी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ ने राज्य सरकार की योजनाओं यथा अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुान विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई।

## भाजपा ने निकाला आक्रोश प्रदर्शन रैली

**डोमचांच (कोडरमा)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवलाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के अपमान के खिलाफ और हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों व पूरे राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार झूठ व लूट के विरोा में हेमंत सरकार को बरखास्त करने की मांग को लेकर आक्रोश प्रदर्शन रैली निकाली गई। यह रैली शहीद चौक से शुरु हुई जो टैक्सी स्टैंड में जाकर समाप्त हुई। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा, भाजपा नेता अखिल सिंहा, परमेश्वर यादव, विक्रम सिंह परिमल, अशोक मेहता, महेन्द्र यादव, महेश वर्मा, मुकेश कुमार, शिशिर सिंह, अंगलाल राम, परिजात सिंह, मुन्ना सिंह, अशोक कुमार, गुलाब प्रसाद आदि मौजूद थे।

# मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के दूपनिया गांव में संचालित अंगनाबाड़ी केंद्र संख्या 615 के नामांकित 35 बच्चों के बीच गुरुवार को पंचायत की मुखिया वीणा देवी ने स्वेटर वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। 3 से 6 वर्ष के जो भी बच्चे यहां आते हैं उन्हीं के बीच स्वेटर वितरण किया जा रहा है।

# गोड्डा जिला भाजपा कमिटी के नेतृत्व में अपने समर्थकों ने आक्रोश रैली निकाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज केंद्रीय भाजपा के उच्च संगठन पदाधिकारियों के निर्देश आज अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक गोड्डा जिला भाजपा कमिटी के नेतृत्व में विपक्षी पार्टियों और राज्य की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए आक्रोश रैली निकाली गई । अपने मुख्यालय से रौतारा चौक तक और वापसी में हॉस्पिटल रोड होते हुए कारगिल चौक स्थित फूलों झेणो प्रतिमा स्थल पर एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। जिलाध्यक्ष राजीव मेहता के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थक और कार्यकर्ता अपने हाथों में पोस्टर बैनर तख्तियां और बीजेपी के झंडे लेकर नारे लगाते हुए विपक्षी पार्टियों और राज्य की झामुमो सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। बीजेपी कार्यकताओं ने विपक्ष द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के उपहास उड़ाए जाने की भर्त्सना करते हुए कांग्रेस नेता और टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी द्वारा माफी मांगने की मांग की ।सभा का संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी चौबे ने की। सभा में कई वक्ताओं ने अपने संबोधन में हेमंत सरकार कई विषयों और मुद्दों पर शासन व्यवस्था में असफल रहने, भ्रष्ट्राचार, हिंसा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार से इस्तीफे तक की मांग की। सरकार, पुलिस और



प्रशासन की अकर्मण्यता से इस क्षेत्र में कई आपराधिक घटनाएं हुई है इससे जनता में असुरक्षा की भावना फैली है। बेरोजगारों को ठगा गया नौकरी के नाम पर। खनन माफियाओं, अधिकारियों और राज्य सरकार की मिली भगत से राज्य के खनिज संपदाओं की लूट हुई है और आज भी बदस्तूर जारी है इस मामले में आईएएस अफसर झामुमो के कार्यकर्ता जो आज भी जेल में हैं। मुख्यमंत्री पर जमीन घोटाले का आरोप है ईडी द्वारा बार बार सम्मन भेजने पर भी उपस्थित नही होना संविधान और कानून की अवमानना है जो मुख्यमंत्री कर रहे हैं। राज्य के खजाने की लूट जारी है। अधिकारियों में ऊपर से नीचे तक लूट मची हुई है और जनता लुटने पर मजबूर है। डोवा और कृषि संसाधनों को लेकर बड़ी धनराशि की लूट हुई है जिसपर अभी तक जांच पूरी नहीं हुई है। गोड्डा सांसद ने बागला देशी घुसपैठ की समस्या को इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा बताया है 1951 में जनसंख्या रिपोर्ट आई थी जिसमें आदिवासियों की जनसंख्या 36% थी जो आज घटकर मात्र 24% रह गई है। झामुमो को झारखंड मुस्लिम मोर्चा कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ये बयान स्थानीय सांसद डॉ० निशिकांत दुबे के थे जिसे लोक सभा में उठा कर चिंता व्यक्त की गई थी। आज के आक्रोश रैली में जिलाध्यक्ष राजीव मेहता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अजीत सिंह, कृष्ण कन्हैया महा सचिव, लक्ष्मी चक्रवर्ती पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष गोड्डा, महा सचिव कृष्ण मुरारी चौबे, पवन झा किसान मोर्चा अध्यक्ष, संजीव अग्रवाल, बबलू झा कार्यकर्ता, दिलीप सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष गोड्डा, और भी कई कार्यकर्ता और संगठन से जुड़े नेताओं ने बढ़ चढ़ कर इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## एक नजर में

### विश्वकर्मा योजना को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में विश्वकर्मा योजना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री केशरी ने कहा कि केंद्र सरकार शिल्पकारों के लिए विश्वकर्मा योजना बनाई है। जिसका सीधा लाभ आम गरीब जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनहित में काम करने वाली सरकार है। विश्वकर्मा योजना के मायम से हर विधानसभा स्तर पर हजार युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। जिसका सीधा लाभ विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे शिल्पकारों को मिलेगा। मोदी सरकार जब से सत्ता में आयी है जनहित में काम कर रही है। जवाहर पासवान ने कहा कि मोदी सरकार जनहित में काम करने वाली एकमात्र सरकार है। इस दौरान शिवधारी राम, बिनय चौबे सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 25 जनवरी से

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत अम्बाखोरेया पंचायत के केतमा गांव स्थित शत्यादि धाम के प्रांगण में में श्री श्री 1008 शेषनारायणा चार्य जी महराज के द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 25 जनवरी से 30 जनवरी तक पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। महायज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। यज्ञ स्थल में वैदिक कर्म अनुष्ठान का आयोजन कर यजमान का शुद्धिकरण किया जाएगा। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति 30 जनवरी को वेदी पूजन, देव प्राण प्रतिष्ठा, हवन, कन्या पूजन, भंडारा तथा महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। पूर्णाहुति की रात भक्ति जागरण का आयोजन भी किया जाएगा।

### निजी क्लीनिक के स्टॉफ ने मरीज एवं मरीज के परिजनों के साथ की मारपीट

**गढ़वा।** शहर के अंचल कार्यालय के समीप संचालित एक निजी क्लीनिक में क्लीनिक के स्टॉफ के द्वारा मरीज एवं मरीज के परिजनों के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना में घायल पांडू थाना क्षेत्र के बंदला गांव निवासी श्याम लाल राम का पुत्र रिंकी देवी 37 वर्ष एवं उसकी पुत्री आसानी कुमारी 18 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के संबंध में घायल रिंकी देवी ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह अपनी पुत्री का इलाज कराने के लिए डॉ. अशोक कुमार के क्लीनिक में गई हुई थी। जिसके बाद उसकी पुत्री को चिकित्सकों के द्वारा भर्ती कराने की बात कही गई। भर्ती के बाद वहां पर इलाज शुरू हो गया।

## पेज 1 का शेष

### कार्यकाल भी पूरा...

श्री सोरेन ने कहा, हमारे कदम चलते रहेंगे, जब तक सांस है। हम वो मुसाफिर नहीं जो बाधा देख कर चलना छोड़ दें। हमने कोरोना और सुखाड़ देखा। निश्चिंत रहिये सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। **ओबीसी आरक्षण पर राज्यपाल से मिलेंगे :** सीएम ने सदन में कहा कि राज्य सरकार जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में है। वह. सीएम प्रदीप यादव के प्राइवेट बिल पर जवाब दे रहे थे। जहां तक ओबीसी और अन्य वर्गों की बढ़ाने की बात है, यह विषय राजभवन में है। उन्होंने कहा कि विधेयक इस आशा उम्मीद के साथ राजभवन में है कि राज्यपाल मुहर लगायेंगे। अब तक राज्यपाल ने किसी भी तरह से इस मामले में अवगत नहीं कराया है। सत्र के बाद हमलोग राज्यपाल से मिलकर आग्रह करेंगे कि आरक्षण से संबंधित विधेयक स्पष्ट हो। **ग्रामीण विकास विभाग करायेगी जातीय जनगणना :** सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग जातीय जनगणना करेगी। ये तो पहले से ही तय था। जहां तक आरक्षण की बात है हमलोग पहले ही सदन से पारित कर राज्यपाल को भेजे हैं। इसके बाद प्रदीप यादव ने फिर बताया कि 1 साल 1 महीना 11 दिन से पिछड़ों को आरक्षण देने का मामला राजभवन में लंबित है। ऐसे में क्या सरकार नये तरीके से कोशिश करेगी।

### कोरोना के नये वेरियंट...

**पंजाब में मास्क अनिवार्य :** कोरोना के नये वेरिएंट को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने एक बार फिर से मास्क लगाने हिदायत दी । साथ ही लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचने की सलाह दी है। **दिल्ली में विशेष तैयार :** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कोरोना वायरस का नया उप-स्वरूप जेएन.1 संक्रामक है लेकिन इसके लक्षण हल्के हैं और राष्ट्रीय राजधानी सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के बीच अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली सरकार जीनोम अनुक्रमण की निगरानी बढ़ायेगी। राजस्थान में चिकित्सा विभाग को सतर्कता बरतने और एहतियातन आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये गये हैं।

### चुनाव तक ई सब...

**मीडिया पर हमला :** तेजस्वी यादव ने बैठक में मनमुटाव की खबर को गलत बताते हुए कहा कि कुछ मीडिया के लोग ऐसे हैं जो कुछ से कुछ खबर चलाने लगे। जो लोग इस बैठक को लेकर कुछ से कुछ बोलते हैं उन्हें हम कहना चाहते हैं कि देखिए आगे-आगे क्या होता है। समय आएगा सब कुछ साफ हो जायेगा। जो लोग इस बैठक को लेकर कुछ से कुछ खबर चलाएं हैं उन्हें भी हम कहना चाहते हैं कि वह पहले उसे बातों को समझें। वैसे जो बात वह कह रहे थे या जो चलाया जा रहा था उसको देखकर हमें हंसी आ रही थी।

### झारखंड में बांट दी...

इसमें एससी, एसटी, बीसी के छात्रवृत्ति के लिए सभी पात्र लाभार्थियों का इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस रखने को कहा है। महालेखाकार कार्यालय में जारी किए जाने से पूर्व इसे राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी प्रस्तुत किया गया। एजी ने भुगतान के लिए निगरानी और नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने को भी कहा है। वित्तीय अनियमितताओं की रोकथाम के लिए जांच शुरू करने की सलाह दी है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की भी अनुशंसा की है। **डीबीटी के जरिये हुई भारी गड़बड़ी :** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं में लक्षित उद्देश्यों और डीबीटी के सापेक्ष प्रभाव को प्राप्त करने की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, छह चयनित जिला चतरा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, पलामू और रांची में ऑडिट के लिए डाटा एकत्र किया गया। इसका उद्देश्य लाभार्थियों का डाटा प्राप्त करना और डीबीटी के प्रबंधन का पता लगाना था। इसमें 81 फर्जी लाभार्थियों को छात्रवृति के रूप में फर्जी तरीके से 5.20 लाख रुपए का वितरण किया है। ये लाभार्थी पांच जिलों से हैं। 365 अयोग्य छात्रों को छात्रवृत्ति की प्रतिपूर्ति के रुप में 22.79 लाख वितरित कर दिये गये। **पासआउट छात्रों को भी दे दी छात्रवृति :** झारखंड में पास आउट छात्रों को भी छात्रवृति दे दी गयी। इसके एवज में 5.74 लाख रुपए का भुगतान किया गया। छात्रवृत्ति का भुगतान में ई-कल्याण योजना प्रबंधन सॉफ्टवेयर में कमी पाई गई। बिना दस्तावेजों की जांच किए बिना 663 लाभार्थियों को 43.77 लाख रुपए फर्जी तरीके से वितरित कर दिया गया। **पेंशन योजना का डाटा बेस ही तैयार नहीं :** एजी ने बताया कि पेंशन योजना के लिए लाभार्थियों का पूरा डाटा बेस ही तैयार नहीं है। विभाग के पास भी लाभार्थियों का पूरा डाटा नहीं है। इसकी जांच के लिए 29 फीसदी नमूने लिए गए। इसमें अधिकारियों ने पेंशन देने में 864 दिनों तक पेंशन देने में देरी की। इस योजना में 2017 से 2021 का सोशल ऑडिट नहीं कराया गया। एजी ने कहा है कि राज्य सरकार को समय पर पेंशन भुगतान करना चाहिए। अल्पसंख्यक छात्रवृति योजना पर कहा कि अधिकारियों के खिलाफ राज्य सरकार कार्रवाई कर सकती है। ई-कल्याण का आइटी ऑडिट कराने की भी बात कही है, ताकि खामियों को दूर किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ई-एप्लिकेशन का एनइएसपी पोर्टल पर ट्रांसफर किया जाये।

# प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक लोकसभा में पारित

## प्रेस की आजादी और कारोबार करने में सुगमता के एक नये युग की शुरुआत : अनुराग ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नयी दिल्ली।** लोकसभा ने गुरुवार को प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 के औपनिवेशिक युग के कानून को निरस्त करते हुए प्रेस एवं पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 पारित कर दिया। यह विधेयक पहले ही मानसून सत्र में राज्यसभा में पारित हो चुका है।

प्रेस एवं पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 के नये कानून में किसी भी कार्यालय में गये बिना ही ऑनलाइन प्रणाली के जरिये पत्र-पत्रिकाओं के शीर्षक आवंटन और पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं समकालिक बना दिया गया है।



इससे प्रेस रजिस्ट्रार जनरल को इस प्रक्रिया को काफी तेज करने में मदद मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रकाशकों, विशेषकर छोटे और मध्यम प्रकाशकों को अपना प्रकाशन शुरू करने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रकाशकों को अब जिला मजिस्ट्रेटों या स्थानीय अधिकारियों के पास संबंधित घोषणा को प्रस्तुत करने और इस तरह की घोषणाओं को प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, प्रिंटिंग प्रेसों को भी इस तरह की कोई घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, इसके बजाय केवल एक सूचना ही पर्याप्त होगी। वर्तमान में इस पूरी प्रक्रिया में 8 चरण शामिल थे और इसमें काफी समय लगता था।

लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यह विधेयक, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने एवं नये भारत के लिए नये कानून लाने की दिशा में मोदी सरकार के एक और कदम को प्रतिबिंबित करता है।

उन्होंने कहा कि नये कानूनों के माध्यम से अपराध को समाप्त करना तथा व्यवसाय करने में आसानी व जीवन यापन में आसानी में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता रही है। उसी अनुसार, औपनिवेशिक युग के कानून को काफी हद तक अपराधमुक्त करने के प्रयास किये गये हैं। कुछ उल्लंघनों के लिए पहले की तरह अपराध सिद्ध करने के बजाय वित्तीय दंड का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक विश्वसनीय अपीलीय व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि स्वामित्व पंजीकरण प्रक्रिया, जिसमें कभी-कभी 2-3 साल लग जाते थे, अब 60 दिनों में पूरी की जायेगी। बता दें कि प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 ब्रिटिश राज की विरासत थी, जिसका उद्देश्य प्रेस एवं समाचार पत्रों और पुस्तकों के मुद्रकों और प्रकाशकों पर पूर्ण नियंत्रण रखना था। साथ ही, विभिन्न उल्लंघनों के लिए कारावास सहित भारी जुर्माना और दंड भी देना था।

# देश की जमीनी हकीकत से कटे हुए हैं आलोचक : मोदी

## ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री बोले- संविधान में बदलाव का कोई मतलब नहीं

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के एक अखबार के साथ बातचीत में कहा है कि उनके नेतृत्व में भारत में संविधान बदलाव तथा देश में लोकतंत्र के भविष्य को लेकर आशांकाएं प्रकट करने वाले उनके आलोचक देश की जमीनी हकीकत से कटे हुए हैं और उनके द्वारा फैलायी जा रही इस तरह की बातें निरर्थक हैं । मोदी ने ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स के साथ बातचीत में कहा कि संविधान में बदलाव की किसी भी बात का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने भारत में लोकतंत्र के लिए खतरे को लेकर उनकी पार्टी और सरकार की आलोचनाओं के बारे में एक सवाल पर कहा कि हमारे आलोचकों के अपने कोई विचार हो सकते हैं और उन्हें अपने विचार रखने की पूरी आजादी भी है, लेकिन आलोचना के रूप में अक्सर आरोप लगाए जाते हैं और ऐसे आरोपों के संबंध में कुछ बुनियादी प्रश्न भी हैं। मोदी ने कहा कि उनकी (आलोचकों की) इस तरह की बातें न केवल भारत की जनता की सूझ-बूझ का अपमान हैं बल्कि वे देश की विविधता और लोकतंत्र के प्रति भारत के लोगों की गहरी प्रतिबद्धता की भी अनदेखी

**▸▸ देश की विविधता और लोकतंत्र के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता की भी करते हैं अनदेखी**



करते हैं। उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स के साथ दिल्ली में निवास पर हुई इस भेंटवार्ता में भारत में लोकतंत्र की स्थिति के अलावा, अल्पसंख्यकों की दशा तथा कनाडा और अमेरिका में कुछ व्यक्तियों की हत्या या हत्या की योजना में भारतीय एजेंसियों के हाथ होने के आरोपों के बारे में पूछे गए सवालों का उत्तर दिया। उन्होंने रोजगार और अर्थव्यवस्था की स्थिति पर भी बात की।

**हर काम सबसे पारदर्शी ढंग हुए :** संविधान बदलने की आशंकाओं के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हर काम सबसे पारदर्शी ढंग के साथ किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (यूपीआई/आधार आदि) जैसे बुनियादी बदलाव संविधान बदलकर नहीं बल्कि लोगों की भागीदारी के साथ किए गए हैं।

भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के भविष्य के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री मोदी ने भारत के पारसी समुदाय की प्रगति का उल्लेख किया जो भारत में रह रहा एक सूक्ष्म अल्पसंख्यक समुदाय है। मोदी ने कहा कि दुनिया में दूसरी जगहों पर दमन उत्पीड़न झेलने के बाद उन्हें भारत में सुक्षित जगह मिली जहां वे खुशी से जी रहे हैं और प्रगति कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बगैर कहा कि यह दर्शाता है कि भारतीय समाज धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति कोई भेदभाव नहीं करता है। फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा है कि मोदी ने इस सवाल पर ठहाका लगाया कि उनकी सरकार अपने आलोचकों पर छापे मरवाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पूरा तंत्र काम कर रहा है जो भारत में मिली आजादी का हर संभव उपयोग कर हमारे खिलाफ हर दिन अखबारों के संपादकीय, टीवी चैनलों, सोशल मीडिया , वीडियों और ट्वीट आदि के माध्यम से हमारे ऊपर आरोप मढ़ता रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें अधिकार है कि वे आरोप लगाए, लेकिन दूसरों को भी उन आरोपों का तथ्यों के साथ जबाव देने का उतना ही अधिकार है। मोदी ने कहा कि बाहर बैठे लोगों द्वारा प्रस्तुत इतिहास में भारत को हल्के में लिया गया। वर्ष 1947 में भारत जब आजाद हुआ तो यहां से छोड़ कर जाने वाले अंग्रेजों ने कई तरह की भविष्यवाणियां की थी । भारत ने उन सभी भविष्यवाणियों को गलत सिद्ध किया है।

### भारत में प्रगति कर रहा पारसी समुदाय

**भारत** में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के भविष्य के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री मोदी ने भारत के पारसी समुदाय की प्रगति का उल्लेख किया जो भारत में रह रहा एक सूक्ष्म अल्पसंख्यक समुदाय है। मोदी ने कहा कि दुनिया में दूसरी जगहों पर दमन उत्पीड़न झेलने के बाद उन्हें भारत में सुरक्षित जगह मिली जहां वे खुशी से जी रहे हैं और प्रगति कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बगैर कहा कि यह दर्शाता है कि भारतीय समाज धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति कोई भेदभाव नहीं करता है।

## केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखेगी कांग्रेस : खड़गे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों के निलंबन को संसद में मोदी सरकार की मनमानी करार दिया और कहा कि महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करवाकर सारी संवैधानिक मयार्दाओं को तोड़ा जा रहा है इसलिए विपक्षी दलों का इंडी गठबंधन भाजपा से देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर बहुमत हासिल करेगा। श्री खड़गे ने कहा कि कांग्रेस मजबूती के साथ मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखेगी और भाजपा की गुमराह करने वाली नीतियों से जनता को आगह करेगी।

श्री खड़गे ने पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को कहा कि 18वीं लोकसभा के चुनाव सामने हैं और इस संबंध में 19 दिसंबर को इंडी गठबंधन की चौथी बैठक दिल्ली में हुई जिसमें समान विचारों वाली पार्टियों के साथ समन्वय बनाते हुए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के विभिन्न दलों के साथ गठबंधन की मजबूती के लिए अपने कार्यक्रमों की काम की रूप-रेखा तय करने संबंधी समन्वय स्थापित करने के लिए पार्टी ने पाँच वरिष्ठ नेताओं की राष्ट्रीय समिति का गठन किया है। आम चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर लगभग 24 राज्यों के साथ समीक्षा बैठक हो चुकी है और जल्द ही समन्वयकों की नियुक्त कर दी जाएगी। श्री खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर 28 दिसंबर को पार्टी नागपुर में विशाल रैली कर रही है और उम्मीद है कि इससे एक नया संदेश जाएगा। पार्टी विचारधारा की मजबूती के लिए एक बार फिर जनता के दरवाजे पर देश के लिए दान करें अभियान के तहत दस्तक दी है। संसद में सरकार की मनमानी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र की हमारी मिसाल संकट में है। भाजपा बिना चर्चा-बहस के अहम विधेयकों को मनमाने ढंग से पास कराने के लिए लोकतंत्र का गला घोंट रही है। संसद को सत्ता पक्ष के प्लेटफार्म के रूप में बदलने का षडयंत्र चल रहा है।

# राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**मोदी पर जेबकतरे के बयान पर आठ हफ्ते के अंदर निर्णय ले निवार्चन आयोग : हाइकोर्ट**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जेबकतरे वाली टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जारी किये गये नोटिस पर दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार इलेक्शन कमीशन से कहा कि वह आठ हफ्ते के भीतर निर्णय ले। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले महीने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए जेबकतरे और अन्य टिप्पणियां की थी। अदालत उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें गांधी के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ राजनीतिक नेताओं द्वारा इस तरह के कदाचार को रोकने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कथित बयान उचित नहीं हैं और निर्वाचन आयोग मामले की जांच कर रहा है और यहां तक कि गांधी को नोटिस भी जारी किया गया है।

## सीआइएसएफ संभालेगी संसद परिसर की सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** संसद की सुरक्षा का जिम्मा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को मिलने जा रहा है। इस संबंध में सीआईएसएफ को नियमित नियुक्ति से पहले संसद परिसर का सर्वे करने को कहा गया है। 13 दिसंबर को लोकसभा में दो युवकों ने दर्शक दीर्घा से छलांग लगाकर सदन में हंगामा किया था। इसके बाद से संसद की सुरक्षा को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार को निशाना बना रहा है। वर्तमान में संसद परिसर की सुरक्षा का जिम्मा दिल्ली पुलिस संभाल रही है। गृह मंत्रालय ने पत्राचार में नियमित नियुक्ति के लिए सीआईएसएफ की सुरक्षा और फायर विंग को संसद परिसर का सर्वे करने के लिए कहा है।

# न्याय के लिए लंबा इंतजार होगा खत्म : शाह

**न्याय से जुड़े तीन विधेयकों को संसद से मिली मंजूरी**



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया से जुड़े तीन कानूनों में संशोधन कर मोदी सरकार न्याय को सभी के लिए सुलभ बनाने जा रही है। अब न्याय के लिए एक आदमी को भी लंबा इंतजार नहीं करना होगा। शाह ने गुरुवार को राज्यसभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयकों पर संसद की मुहर के बाद देश की गरीब जनता को भी आसानी ने न्याय मिल पाएगा। मोदी सरकार ने इन तीनों नए विधेयकों से जनता की न्याय की अपेक्षा को पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका मिलकर इस देश में भारतीय विचार की न्याय प्रणाली को प्रस्थापित करेंगे। शाह ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली को चलाने वाले लगभग 150 वर्ष पुराने तीनों कानूनों में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीयता, भारतीय संविधान और भारत की जनता की चिंता करने वाले परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 1860 में बने भारतीय दंड संहिता का उद्देश्य न्याय देना नहीं बल्कि दंड देना था। उन्होंने कहा कि अब उसकी जगह भारती न्याय संहिता, 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 इस सदन की मान्यता के बाद पूरे देश में अमल में आएंगे। शाह ने कहा कि मानव और शरीर संबंधित अपराधों जैसे बलात्कार, गैंगरेप, बच्चों के खिलाफ अपराध, हत्या, अपहरण और ह्यूमन ट्रैफिकिंग आदि को प्राथमिकता दी गई है।

# पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार में पंकज त्रिपाठी के लुक और पर्सनालिटी की चर्चा हो रही है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों में इस फिल्म को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है। अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अपना किरदार बखूबी निभाया। उनके डायलॉग सुनकर ऐसा लगता है कि सचमुच वाजपेयी हैं। इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में अपनी जगह बनाई और कैसे उन्होंने देश का इतिहास बदल दिया। इसके साथ ही यह उनके बचपन के दिनों, राजनीति में करियर, कैसे उनके दिन बदले और भारत को एक



महान राष्ट्र बनाने के लिए उनके समर्पण को दर्शाता है। त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी का किरदार निभाना आसान नहीं था, क्योंकि वह अपना किरदार निभाते समय अटल बिहारी वाजपेयी की नकल नहीं करना चाहते थे और न ही उनके किरदार की वैसी ही नकल करना चाहते थे। त्रिपाठी ने कहा कि निर्माता संदीप सिंह ने आईपैड पर वीएफएक्स की मदद से एक फोटो बनाई, जिसमें वह अटल बिहारी वाजपेयी की तरह दिख रहे थे। फिल्म के लिए उन्होंने वाजपेयी से जुड़ीं तमाम किताबें या सामग्री पढ़ीं। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की कविताएं पढ़ीं और भाषण सुनें। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में भी बहुत कुछ पढ़ा था क्योंकि उनकी दिलचस्पी पहले से ही थी। हालांकि, फिल्म के लिए उन्होंने और भी ज्यादा पढ़ाई की, ताकि वह अपने किरदार को पर्दे पर अच्छे से निभा सकें। यह फिल्म 19 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

### शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की फिल्म डंकी शुक्रवार को रिलीज हो गई है। इसके बाद मुंबई के मशहूर थिएटर गेयटी गैलेक्सी के बाहर शाहरुख के फैंस ने जमकर जश्न मनाया। सोशल मीडिया पर इस सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियो जमकर वायरल हो रही है। दर्शकों ने फिल्म डंकी के पहले शो के पहले दिन का जश्न ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ मनाया। थिएटर के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सिनेमाघरों के बाहर जगह-जगह शाहरुख खान के बड़े-बड़े कटआउट भी लगाए गए। ट्विटर पर साझा किए गए वीडियो में शाहरुख के प्रशंसक ढोल की थाप पर एक साथ नाचते नजर आ रहे हैं।

### अरबाज खान 24 को शुरा खान से करेंगे शादी

**मुंबई।** अभिनेता अरबाज खान मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान को डेट कर रहे हैं और वह 24 दिसंबर को एक बार फिर करने जा रहे है। वह 24 दिसंबर को शूरा खान के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। इस शादी में केवल परिवार के सदस्य और खास दोस्त ही शामिल होंगे। शादी मुंबई में होगी। शूरा और अरबाज की मुलाकात पटना शुक्ला के सेट पर हुई थी। इसके बाद उन्हें एक-दूसरे से प्यार हो गया। अरबाज की शादी को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अरबाज खान पहले एक्ट्रेस थीं मलाइका अरोड़ा के साथ शादी हुई थी मलाइका और अरबाज की शादी 12 दिसंबर 1998 को हुई थी। लेकिन इनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका। शादी के 19 साल बाद उनका तलाक हो गया। मलाइका और अरबाज का एक बेटा भी है।

## छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने किरण सिंह देव

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश अध्यक्ष पहली बार के विधायक किरण सिंह देव को नियुक्त किया है। वे अरुण साव की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। किरण सिंह देव जगदलपुर से पहली बार विधायक चुने गए हैं। गुरुवार को भाजपा की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विधायक किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। किरण सिंह देव जगदलपुर नगर निगम के महापौर रह चुके हैं। भाजपा युवा मोर्चा अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत करने वाले किरण सिंह देव बस्तर जिला के अध्यक्ष रह चुके हैं।



## एक नजर में

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश के आवास पर ग्रेनेड से हमला, दो पुलिसकर्मी घायल




**लाहौर।** लाहौर में बुधवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश साकिब निसार के आवास पर ग्रेनेड से हमला हुआ, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। निसार ने बताया कि मैं और मेरे परिवार के सदस्य बैठक कक्ष में बैठे थे तभी मेरे घर में एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ। जब मैं गैराज में पहुंचा तो वहां तैनात दो पुलिसकर्मी घायल अवस्था में पड़े थे। उन्होंने मुझे बताया कि अज्ञात लोग गैराज में ग्रेनेड फेंककर भाग गए। साकिब निसार ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें संदेह है कि इस हमले के जरिए उन्हें कोई गंभीर संदेश देने की कोशिश की गई है। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ब्रिटेन में स्व-निर्वासन में चार साल बिताने के बाद अक्टूबर में लाहौर आए। वह 2017 में उन्हें सत्ता से बाहर करने के लिए पूर्व सीजेपी पर लगातार निशाना साध रहे हैं। पूर्व सीजेपी निसार की अगुवाई वाली उच्चतम न्यायालय की पीठ ने 2017 में पनामा पेपर मामले में नवाज को अयोग्य घोषित कर दिया था।

### इमरान खान तीन क्षेत्रों से लड़ेंगे चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फरवरी में होने वाले आम चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान तीन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। ज्ञात रहे कि पीपीपी प्रमुख इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई अध्यक्ष गौहर खान ने कहा कि पूर्व पीएम लाहौर, इस्लामाबाद और मियांवाली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने तोशखाना मामले के फैसले के बाद इमरान खान को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। तोशाखाना मामले में एक निचली कोर्ट ने पांच अगस्त को इमरान को दोषी ठहराया था। यह मामला निर्वाचन आयोग ने दायर किया था। हालांकि, बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उनकी तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया। लेकिन वह फिलहाल कई अन्य मामलों में जेल में बंद है।

### हमास के खात्मा तक नहीं रुकेगा युद्ध : नेतन्याहू



**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्ध विराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्ध विराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं। नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। नेतन्याहू ने आगे कहा कि जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 10 जनवरी तक बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से आरोपी को अपने पांचवें पूरक आरोपपत्र और संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति देने को कहा। कार्यवाही के दौरान ईडी के वकील ने गवाह संरक्षण समिति के समक्ष अभियोजन पक्ष के एक गवाह की पहचान के संबंध में चल रहे मुद्दे का हवाला देते हुए अभियोजन शिकायत और पिछली शिकायतों की प्रति उपलब्ध कराने के लिए समय मांगा। संरक्षित गवाह को पूरक शिकायत में अल्फा के रूप में संदर्भित किया गया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि सभी पिछले आरोपपत्रों, प्रासंगिक दस्तावेजों और छद्म नाम वाली पांचवीं अभियोजन शिकायत की प्रतियां सिंह के वकील को 23 दिसंबर तक उपलब्ध कराएं। अगली सुनवाई 10 जनवरी को होनी है और तब तक सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है।

### विष्णुदेव साय की कैबिनेट का विस्तार आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की कैबिनेट का विस्तार शुक्रवार को होगा। साय मंत्रिमंडल में कौन-कौन विधायक शामिल होंगे इस बात पर मुहर लग चुकी है। दिल्ली के नेताओं से नाम फाइनल होने के बाद राजभवन प्रपोजल भेज दिया गया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। राजभवन में मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह दोपहर पौने 12 बजे रखा गया है। मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली रवाना हो जाएंगे। दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात करने के बाद साय 23 को रायपुर लौटेंगे। इसके बाद मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार 22 दिसंबर को राजभवन में साय कैबिनेट में 7 से 8 मंत्री शामिल किए जा सकते हैं। इनमें 4 से 5 पुराने और 3 से 4 नए विधायक होंगे। मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण को लेकर राजभवन में तैयारी शुरू कर दी गई है। पार्टी नेताओं के अनुसार मंत्रिमंडल में इस बार दो कुर्सी लोकसभा चुनाव तक खाली रखने की योजना है। राज्य में मुख्यमंत्री सहित 13 मंत्री रह सकते हैं। सीएम और दो डिप्टी सीएम शपथ ले चुके हैं। 10 मंत्री बनाए जाने हैं।


VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

**परीक्षा में संबल अभिभावकों की प्रेरणा**

कुछ बच्चों को इम्तिहान से ऐन पहले सब कुछ आने के बावजूद लगता है कि कुछ याद नहीं है। दिमाग एकदम खाली लगता है। वहीं अगर विद्यार्थी का आत्मबल टूट जाए, तो नतीजा फिसड्डी भी हो सकता है। तो ऐसे में जरूरी है कि अभिभावक सोच-समझकर ही कोई कदम उठायें। बच्चों को बुरा-भला कहना या फटकारना तो नहीं चाहिए। वहीं अपना तनाव, उदासी और निराशा बच्चों के सामने जाहिर न होने दें। ऐसे में पैरेंट्स के लिए जरूरी है बच्चे से बात करना। उसमें भरोसा, दुलार, समर्थन और आत्मबल का भाव जगाने की कोशिश हो।

**ऐन वक्त पर दिमाग खाली हो जाना**

दस साल का सहज समझदार है और मेहनती भी। लेकिन इम्तिहान में उसे बड़ी मुश्किल होती है। घर पर मां के सामने वह मैथ्स के सवाल फटाफट सुलझा लेता है, जबकि इम्तिहान में एक भी सुलझाने में असमर्थ रहता है। कहता है कि उसका दिमाग खाली हो जाता है। टीचर का मानना है कि सहज की यह दिक्कत उसकी चिंता या तनाव से जुड़ी है।

**एग्जामिनेशन का फोबिया**

परीक्षा से पहले और उसके दौरान कुछ हद तक हल्का भय या फिक्र होना सामान्य है। इससे नुकसान तो खैर नहीं होता, बल्कि सवालों पर बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। जबकि इम्तिहान को लेकर बेवजह खौफ या चिंता से एकाग्रता और फिर नतीजों पर घातक असर पड़ना स्वाभाविक है। इसे ह्यएग्जामिनेशन या टेस्ट फोबिया कहते हैं।

**भारी-भरकम अपेक्षाओं का बोझा**

टेस्ट एंजाइटी से फेल होने का डर और नियंत्रण खोने का तनाव पैदा होता है। कोई भी छात्र-छात्रा इसकी गिरफ्त में फंस सकता है। लेकिन शिकार होने की ज्यादा संभावना लायक स्टूडेंट्स की होती है, जो नतीजे को लेकर चिंतित रहते हैं। अभिभावकों और टीचरों के प्रतियोगी स्वभाव के चलते बच्चों के प्रति उनकी आस बढ़ जाती है। अभिभावकों का बच्चों पर दबाव और किताबी पढ़ाई को खासी अहमियत देना तनाव पैदा करने का बड़ा कारण है।



**परीक्षा से पूर्व उभरते हैं लक्षण**

अमूमन इस बीमारी के लक्षण पेपरों के बीच में या महत्वपूर्ण परीक्षाओं से पहले उभरते हैं। टाइम मैनेजमेंट और पढ़ाई की योजना में खामियों से परीक्षा से ऐन पहले भी तनाव घेर सकता है। एग्जामिनेशन एंजाइटी के मुख्य लक्षण हैं- एकाएक डिप्रेशन या फोबिया, आत्म-नियंत्रण खोना, दिमाग खाली-खाली लगना, पढ़ाई न कर पाना, फेल होने का डर आदि। कुछ बच्चों में लक्षण बढ़ भी सकते हैं। मसलन, माता-पिता से झगड़ना, डरना, चिड़चिड़ापन, भोजन न करना। किशोरावस्था में, ये हालात अतिवादी कदम उठाने तक ले जा सकते हैं।

**तनाव कम करने की रणनीति**

इम्तिहान लक्ष्य हासिल करने की राह की एक सीढ़ी है। किसी की काबिलियत आंकने का यही खास औजार है। स्कूली छात्र-छात्राओं में परीक्षा के खौफ और जीवन लीला समाप्त करने के मामले दिनों-दिन बढ़ रहे हैं। बढ़ते तनाव को रोकने के लिए टीचर, पेरेंट्स और स्टूडेंट्स के लिए ह्यहोम वर्कह्ल जरूरी है। ज्यादातर स्कूलों में, एकदम प्रतियोगी माहौल या मुकाबले की होड़ से छात्रों के नंबरों पर फोकस रहता है। जबकि सीखने की प्रक्रिया नजरअंदाज हो जाती है।

**पढ़ने की कला से कामयाबी**

अभिभावकों को चाहिए कि ऊंची महत्वाकांक्षाओं को किनारे कर दें। इससे बाल मन पर स्कूली पढ़ाई हौवा नहीं बनेगी। छात्र-छात्राएं भी सोचने लगेंगे कि कामयाबी उनकी पढ़ने की कला पर निर्भर है। यानी रिविजन करने का असरदार तरीका अपनाया जाए। शुरू से नियमित पढ़ाई ज्यादातर कारगर रहती है। अंतिम क्षणों में रटना कंफ्यूजन पैदा करता है।

**मिसालें देकर समझाएं**

परीक्षा से पहले बच्चों का आत्मबल बढ़ाने के लिए समझाएं कि सफलता की कहानियां केवल सबक देती हैं, लेकिन विफलता कामयाबी हासिल करने का रास्ता सुझाती है, हौसला बढ़ाती है। नतीजतन इंसान बेहतर विकल्पों की ओर मुड़ता है। इसलिए पढ़ने के बावजूद भूलने का अहसास जागे, तो घबराएं नहीं। परीक्षा देते वक्त पढ़ा हुआ खुद-ब-खुद याद आ जाता है।

बच्चों को बताएं फि ल्म अभिनेता आर माधवन के विचार कि नम्बर सब कुछ नहीं। वे आठवीं मैं फेल हो गये थे क्योंकि हिन्दी में कमजोर थे। लेकिन आगे चलकर, उन्हें हिन्दी की बदौलत बॉलीवुड में रोल मिले। सचिन तेंदुलकर भी हाई स्कूल की परीक्षा में फेल हो गये थे। बावजूद इसके उनका आत्मबल गिरा या डगमगाया नहीं।



## विवेक मन्त्र


अधिकांश मनुष्य का चिंतन भोजन का ही होता है। वे भोजन के आगे सोच ही नहीं पाते है। उन्हें यह अहसास ही नहीं है कि प्रारब्धवश ज्योहीं जन्म हुआ, प्रभु ने भोजन की व्यवस्था कर दी। भोजन चिंतन का विषय नहीं है। वैसे मनुष्य महामूर्ख है। पर्वत की चोटी पर चिड़िया रहती है उसे वहीं भोजन मिलता है। *पक्षिराज को सर्प खिलाते, सर्पो तक चूहा पहुंचाते, चूहा को तू च्यूंटा देता, च्यूंटा तक की सुध तू लेता, गरज शाम तक दाना-पानी पा लते हैं, पा लेते हैं सब जग प्राणी।*

**स्वामी सत्यानंद जी परमहंस**

## सामान्य अध्ययन

### सामान्य विज्ञान

- मंगल ग्रह की टोह लेने गया भारत का मंगलयान अपनी 90 प्रतिशत यात्रा पूरी कर चुका है और गंतव्य से अब कुछ लाख किलोमीटर ही दूर रह गया है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने सोशल नेटर्विकंग साइट पर बताया है कि मंगलयान 24 सितंबर को अपने गंतव्य तक पहुंचेगा और इसी दिन सुबह साढे. सात बजे तरल इंजन को फिर से चालू किया जाएगा।
- इस इंजन को एक दिसंबर को 22 मिनट के लिए चालू किया गया था और तब मंगलयान की गति को 648 मीटर प्रति सेकेंड बढ़ाकर पृथ्वी की आखिरी कक्षा से बाहर किया गया था।
- पिछले सप्ताह इसरो ने बताया था कि मंगलयान गंतव्य से 90 लाख किमी दूर रह गया है और पृथ्वी से 18.9 करोड़ किमी दूर पहुंच गया है।
- कुल 450 करोड़ रुपए की लागत से तैयार मंगलयान को पिछले साल पांच नवंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण स्थल से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी सी-25 के जरिए प्रक्षेपित किया गया था। उसके बाद पांच बार इसे ऊंची कक्षाओं में स्थापित किया गया था।
- इस यान के साथ पांच प्रयोगात्मक उपकरण, लाइमैन अल्फा फोटोमीटर, मीथेन सेंसर, मार्स कलर कैमरा, थर्मल इंफ्रारेड इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर और मार्स एक्सोफेरिक न्यूट्रल कंपोजीशन एनालाइजर भेजे गए हैं जो मंगल के वातावरण के बारे में जानकारी जुटाएंगे जो इस लाल ग्रह के रहस्यों पर से पर्दा उठाने में वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।
- इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी लाल



### देश की प्रमुख नदी घाटी योजना

| नदी घाटी | नदी थाला क्षेत्र(वर्ग किलोमीटर) |
|---|---|
| सिन्धु (बॉडर तक) | 321289 |
| गंगा | 861452 |
| ब्रहमपुत्र | 194413 |
| बराक और अन्य | 41723 |
| गोदावरी | 312812 |
| कृष्णा | 258948 |
| कावेरी | 81155 |
| सुवर्णरेखा | 29196 |
| ब्रहमणी और ब्तरणी | 51822 |
| महानदी | 141589 |
| पेन्नार | 55213 |
| माही | 34842 |
| साबरमती | 21674 |
| नर्मदा | 98796 |
| तापी | 65145 |

पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां तापी से तादड़ी: **55940**
पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां तादड़ी से कन्याकुमारी: **56177**
पूर्व की ओर बहने वाली नदियां महानदी और पेन्नार के बीच: **86643**
पूर्व की ओर बहने वाली नदियां पेन्नार और कन्याकुमारी के बीच: **100139**
लूनी समेत कच्छ और सौराष्ट्र की पश्चिम की ओर बहने वाली नदियां: **321851**
म्यामार (बर्मा) एवं बांग्लादेश में बहकर जाने वाली छोटी नदी जल नदियां: **36202**

**झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन सोसाएटी में नियुक्ति**

(जेआरएमएमएस) ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर भर्ती निकाली है, जिसके माध्यम से 210 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इस भर्ती से र्निसंग करने वाले कई उम्मीदवारों को नौकरी प्राप्त करने का मौका मिलेगा.
पद का विवरण- भर्ती में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर नियुक्ति होनी है और 210 पदों में 105 अनारक्षित वर्ग, 21 पद एससी वर्ग, 55 पद एसटी वर्ग और 17 पद ईबीसी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है।
**योग्यता-** भर्ती में आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से जीएनएम किया होना आवशयक है। साथ ही उम्मीदवारों को हेल्थ सेक्टर में दो साल काम करने का अनुभव होना आवशयक है।
आयु सीमा- भर्ती में 35 साल तक के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।
आवेदन फीस- भर्ती में आवेदन करने के लिए दी जाने वाली आवेदन फीस को लेकर अभी जानकारी जारी नहीं की गई है।
आवेदन करने की आखिरी तारीख- 15 मई 2018
कैसे करें आवेदन- आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट या ऑफलाइन माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं।
चयन प्रक्रिया- उम्मीदवारों का चयन स्क्रीनिंग प्रोसेस और लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

# फिजिकल सांइस दिलाती है विविध अवसर

स्नातक स्तर पर फिजिक्स के साथ-साथ रसायनशास्त्र और गणित जैसे विषयों को भी पढ़ने की तमन्ना है तो बीएससी इन फिजिकल साइंस कोर्स एक बेहतर विकल्प है।



जनरल साइंस के रूप में लंबे अरसे तक चलने वाला यह कोर्स आज नाम बदल कर फिजिकल साइंस में तब्दील हो गया है। अब इसे 'बीएससी जनरल ग्रुप ए' की जगह बीएससी इन फिजिकल साइंस के नाम से जाना जाता है।

यह कोर्स छात्रों को एमएससी स्तर पर साइंस की विभिन्न शाखाओं में जाने की राह तो दिखाता ही है, उन्हें स्नातक करने के बाद भी करियर की अलग-अलग दिशाओं में जाने का रास्ता अख्तियार कराता है। अगर साइंस ग्रेजुएट बन कर नौकरी करने की इच्छा है तो यह कोर्स ऐसे छात्रों के लिए एक अच्छा विकल्प है।



पंकज कुमार

आमतौर पर यह कोर्स ऐसे छात्रों के लिए है, जो ग्रेजुएशन करते ही नौकरी की तलाश में रहते हैं। इसे करने के बाद छात्र सीधे रोजगार के बाजार में उतर सकता है। वह लैब में बतौर सहायक काम कर सकता है। दूसरी बात यह कि इसे करने के बाद बीएड में दो विषयों को चुन कर शिक्षक बनने का मौका मिलता है। सामान्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी यह कोर्स मददगार है। एमएससी स्तर पर कई तरह के स्पेशलाइजेशन चुनने का रास्ता दिखाता है।

इसमें किस तरह के विषयों का कॉम्बिनेशन है?
इसमें भौतिकी और गणित, सभी के लिए अनिवार्य होता है। इसके साथ ही छात्र रसायनशास्त्र भी पढ़ते हैं। अगर कोई रसायनशास्त्र नहीं पढ़ना चाहता तो वह कंप्यूटर साइंस ले सकता है। वह इलेक्ट्रॉनिक्स का चुनाव कर सकता है।

यह कोर्स किस तरह के अवसर मुहैया कराता है?
इस कोर्स के छात्रों के लिए स्नातक के बाद सामान्य स्तर की कई तरह की नौकरियों में जाने का रास्ता निकलता है। कोई चाहे तो एमबीए कर सकता है। कोई एमसीए करके नई राह चुन सकता है। स्नातक में पढ़े गए अपने दो विषयों को लेकर सिविल र्सिवस की तैयारी कर सकता है। उसे फिजिक्स, रसायनशास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित और कंप्यूटर साइंस में से किसी एक में जाने का चुनाव करना होता है। किसी एक में एमएससी करके उच्च शिक्षा के आधार पर मिलने वाली नौकरियों में जा सकता है, चाहे वह साइंटिस्ट का पद हो या रिसर्च एसोसिएट या असिस्टेंट प्रोफेसर का।

**▸ इसमें किस तरह के बदलाव आए हैं?**

यह कोर्स पहले बीएससी जनरल ग्रुप ए के नाम से जाना जाता था। 2002 के बाद इसे इस तरह का नाम दिया गया। इसमें एप्लायड फिजिकल साइंस विद कंप्यूटर साइंस या इलेक्ट्रॉनिक्स आदि कई कैटेगरी बन गई थीं, जो उलझन पैदा कर रही थीं, लेकिन यह कंफ्यूजन पिछले साल से खत्म कर दिया गया है। अब एप्लायड शब्द हटा दिया गया है। सिर्फ फिजिकल साइंस रह गया है।

**▸ फिजिक्स ऑनर्स और फिजिकल साइंस में क्या फर्क है?**

फिजिक्स ऑनर्स में तीनों साल भौतिकी से जुड़े पेपर ही पढ़ाए जाते हैं। इसमें तीन विषय मुख्य पेपर के रूप में तीनों साल चलते हैं। यहां स्नातक स्तर की बजाय एमएससी पर स्पेशलाइजेशन चुनना होता है। एमएससी में इस कोर्स के छात्रों की राह ऑनर्स की बजाय थोड़ी कठिन होती है।

**▸ कोर्स में क्या है**

सीधी-सीधी बात कही जाए तो यह साइंस का खिचड़ी कोर्स है, जो बारहवीं तक भौतिकी, गणित, रसायनशास्त्र और कंप्यूटर साइंस जैसे विषय पढ़ने वाले छात्रों को आगे भी विभिन्न विषयों को पढ़ने की छूट देता है। इसमें छात्र भौतिकी और गणित को मुख्य पेपर के रूप में तीनों साल तो पढ़ते ही हैं, इसके अलावा विकल्प के रूप में एक और पेपर को भी तीनों साल पढ़ना होता है। इसमें छात्रों को कई चॉइस दी जाती है। मसलन कोई चाहे तो तीनों साल भौतिकी और गणित के साथ रसायनशास्त्र को मुख्य पेपर के रूप में चुन सकता है।

जो छात्र रसायनशास्त्र नहीं पढ़ना चाहता, उसे इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस में से किसी एक को मुख्य पेपर के रूप में चुनने की छूट मिलती है। तीन साल में तीन विषय के अलावा कई और पेपर भी पढ़ने होते हैं। छात्रों को अब टेक्निकल राइटिंग एंड कम्युनिकेशन यानी अंग्रेजी का एक पेपर पहले साल पढ़ना होता है। इसके अलावा कंप्युटेशनल स्किल का एक पेपर और दूसरे साल में इंट्रोडक्शन टू बायोलॉजी और फिर सोलहवें पेपर के रूप में बायोलॉजी पढ़नी होती है। तीन सालों में कुल 24 पेपर पास करने होते हैं।

छात्रों को कंरेंट कोर्स के तहत भी दो पेपर चुनने होते हैं। अगर किसी ने फिजिकल साइंस में भौतिकी और गणित के अलावा रसायनशास्त्र के 6 पेपर चुने हैं तो उसे कंप्यूटर साइंस से या इलेक्टॉनिक्स से दो कंकरेंट पेपर का चुनाव करना होता है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक या कंप्यूटर साइस से 6 पेपर चुनने वालों को भी दो कंरेंट पेपरों का चुनाव करना होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में पहले इस कोर्स को करने के बाद उच्च शिक्षा यानी एमएससी करने में खासी दिक्कत आती थी। उन्हें ऑनर्स कोर्स के मुकाबले काफी नीचे रखा जाता था, लेकिन अब एमएससी में प्रवेश परीक्षा होने के कारण ऐसे छात्रों को भी आगे निकलने का मौका मिलता है। इसमें तीन पेपरों पर यादा जोर देने से छात्रों को एमबीए और आइएएस परीक्षा की तैयारी में काफी मदद मिलती है।

**▸ शाखाएं**

इसमें मुख्य रूप से बीएससी इन फिजिकल साइंस तो है ही, इसके अलावा स्पेशलाइड पेपर चुनने पर फिजिकल साइंस विद कंप्यूटर साइंस और फिजिकल साइंस विद इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विषय भी जुड़ जाते हैं।

**▸ दाखिला कैसे**

कॉलेजों में इस कोर्स में दाखिला बारहवीं की मेरिट के आधार पर दाखिला दिया जाता है। साइंस के छात्र के लिए बारहवीं में भौतिकी, गणित और रसायनशास्त्र होना जरूरी है।

कोर्स कराने वाले संस्थान

**कुछ महत्वपूर्ण संस्थान:**

- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
- आगरा विश्वविद्यालय, आगरा
- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक
- पंजाब विश्वविद्यालय
- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**(लेखक न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रालि रांची से जुड़े हैं।)**



## एडमिशन एलर्ट

**सवाल:** 2017 में मैंने इलेक्ट्रिकल इंजीनिरिंग में डिप्लोमा किया है। रेगुलर बीटेक करने में असमर्थ हूं। क्या एएमआईई करने के बाद मैं आईएएस परीक्षा के लिए योग्य हो पाऊंगा? **अविनाश लोहरदगा**

**जवाब:** आप जैसे स्टूडेंट्स के लिए संस्थान ग्रेजुएशन की डिग्री प्रदान करता है। आप तो डिप्लोमाधारी हैं। ऐसे स्टूडेंट्स भी एएमआईए से बीटेक कर सकते हैं जो 12वीं उत्तीर्ण हों। जाहिर है, जब इसकी मान्यता है तो यूपीएससी की परीक्षा में आप शामिल हो सकते हैं। यूपीएससी की वेबसाइट पर आपको 1978 का यूपीएससी का वह पत्र मिल जाएगा जिसमें एएमआईए की डिग्री स्तर की मान्यता का उल्लेख किया गया है।

**सवाल:** पिछले साल केमेस्ट्री ऑनर्स किया है। क्या करें। **नीतिश हजारीबाग**

**जवाब:** आपने जिस विषय से ग्रेजुएशन किया है, वह ठीक नहीं है और गणित की भी हालत वैसी ही है। आप किस तरह की सरकारी सेवा में जाना चाहते हैं, पहले तो यह तय कर लें। प्राय: सरकारी सेवा में विशेषकर केमेस्ट्री की उतनी जरूरत नहीं होगी लेकिन कम से कम एलीमेंट्री मैथ्स तो आपको आनी ही चाहिए। आपने 10वीं तक तो गणित पढी ही होगी। जब आप ऑनर्स कर चुके हैं तो खुद को कम क्यों आंकते हैं। मेहनत करें।

**मोटिवेशन**

# पढ़े, समझें, याद रखें

मआज कल नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा या किसी भी अच्छे शिक्षण संस्थान में होने वाली प्रवेश परीक्षा में जनरल नॉलेज के सवाल अवश्य पूछे जाते हैं। इन सवालों में करेंट अफेयर्स एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुछ दिन पहले एक इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र से मैंने जानना चाहा कि देश का वित्त मंत्री कौन है। उसने लापरवाही सेकहा कि मुझे इन जानकारियों को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं है। संभव है इंजीनियरिंग के कोर्स और पढ़ाई में सरकार और संसद की गतिविधियां शामिल न हो लेकिन क्या एक भारतीय होने के साथ देश के युवा को इस बात की जानकारी नहीं होना चाहिए।

**▸ क्या देश विदेश में गठित घटनाओं, सूचनाओं राजनीतिक गतिविधियों सहित समसामयिक जानकारी से अपडेट रहना युवाओं के कर्तव्य नहीं हैं?**

सामान्य तौर पर कुछ युवा समसामयिक विषयों की मंहगी-मंहगी किताबों को रटते हैं। वही रटा-रटाया जवाब वे देते हैं। इस कारण इंटरव्यू में थोड़ा सा भी हटकर पूछा गया सवाल उनके लिए भारी हो जाता है।

इन सभी समस्याओं का सबसे बेहतरीन हल है, प्रतिदिन के समाचार पत्र को गंभीरता से पढ़ लेना और कुछ टॉपिक को बीच-बीच में विशेषज्ञों से समझते रहना चाहिए। अगर आप हर दिन समाचार पत्र ध्यान से पढ़ते हैं तो विश्वास करें आपको कभी भी सम-सामयिक विषयों के पुस्तक अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होगी। आप प्रतियोगी परीक्षाओं, बेहतर संस्थान में एडमिशन सहित सभी प्रकार के इंटरव्यू में सफल हो सकेंगे।

आज कल समाचार पत्र सिर्फ समाचार का माध्यम नहीं है। राजनीतिक विश्लेषण, आर्थिक घटनायें,संपादकीय विचार, देश-दुनिया की प्रमुख खबर, फैशन, करियर,खेल जगत,धर्म -साहित्य, खान-पान, स्वास्थ्य, प्रेरणा, नौकरियों की सूचना, रेल-बस-हवाई सेवा की



एडी बाधवा
सीएमए सह मोटिवेटर

सूचना, कृषि जगत, राजनीतिक विश्लेषण, फिल्मी और टेलिविजन सहित सभी विषयों को पैकेज आपको सुबह चार बजे प्रस्तुत कर देता है।

इसके लिए हजारों पत्रकार और मीडिया कर्मी हर दिन पूरी ताकत और अनुभव से लगे रहते हैं। रांची में स्थानीय और राष्ट्रीय अखबारों का स्तर बेहतर है यह यहां के युवा के लिए एक वरदान है लेकिन इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए।

अपनी काम की खबर को आप अखबार से काटकर रख भी सकते हैं या उसे किसी डायरी में नियमित लिखकर रखना भी उपयोगी सिद्ध होगा। हर दिन बेहतर होती अखबार से आप बहुत कुछ पा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको गंभीर दृष्टिकोण अपनाना होगा। जानकारी गंभीरता से प्राप्त करें और उसे बांटें भी इससे आप सफल होंगे।

# सीए के क्षेत्र में बेहतर अवसर

**रांची, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर में चैप्टर**

**मनीष तिवारी**

क्या आप जानते हैं कि आइसीआइसीआइ बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर, सेल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के बीच क्या समानता है? इन सबके पास एक ही डिग्री है। द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउटेंट की यानि इनके पास कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट की डिग्री है। सीएमए को पहले कॉस्ट एकाउंटेंट के नाम से जाना जाता था। यह कोर्स भारत सरकार के संसद से मान्यता प्राप्त है। इसका नाम आइसीडब्लूएआई द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट ऑफ इंडिया से बदल कर सीएमए कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंट कर दिया है।


**▸ यह कोर्स कौन कर सकता है?**

इस कोर्स को साइंस, आर्ट और कॉमर्स सहित कोई भी छात्र कर सकता है जिसने इंटर पास किया हो। इंटर एग्जाम के पूर्व ही सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा में एडमिशन ले सकता है। इस परीक्षा को पास करने के लिए अनिवार्य कोचिंग करना आवश्कय है। यह कक्षा के माध्यय से या पोस्टल भी संभव है।

**▸ झारखंड में सीएमए के पांच चैप्टर हैं**

रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद में सीएमए के चैप्टर हैं। फाउंडेशन पास करने के बाद छात्रों को बारी-बारी से फाइनल की परीक्षा पास करनी पड़ती है। इंटर और फाइनल में चार-चार पेपर के दो ग्रुप पास करने होते हैं। अर्थात छात्रों को इंटर और फाइनल के कुल मिलाकर 16 पेपर पास करने होते हैं। इन पेपर की भी अनिवार्य कोचिंग कीआवश्यकता होती है। छात्र इस अनिवार्य कोचिंग को घर से ही डाक के माध्यम से पाठ्य सामग्री मंगाकर कर सकते हैं या चैप्टर में एडमिशन लेकर पढ़ सकते हैं। जो छात्र ग्रेजुएशन चाहे वे किसी भी संकाय से किये हो उन्हें फाउंडेशन करने की आवश्यकता नहीं होती है। वे सीधे एडमिशन ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों को सीए के इंटर में सौ घंटे की कंप्यूटर ट्रेनिंग लेना अनिवार्य है। साथ ही उन्हें दो सेमिनार में भी शामिल होना होता है। इसके अतिरिक्त तीन साल का औद्यागिक प्रशिक्षण और 15 दिनों का विशेष प्रशिक्षण लेना होता है।

कॉस्ट एकाउंटेंसी के पूरे कोर्स करने का खर्च भी ज्यादा नहीं है। यह 35 से 40 हजार खर्च कर किया जा सकता है।




यह कोर्स शत प्रतिशत जॉब दिलाने वाला है। इसके बाद युवा वित्त अधिकारी के रुप में अपनी सेवा आंरभ करते हैं। निजी स्तर पर भी प्रैक्टिस कर सकते हैं। बड़ी संख्या में महानगरों में सीए अपनी सेवाओं दे रहे हैं।

**▸ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंड क्या बन सकते हैं?**

सीएमए यानि कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट, वित्त अधिकारी, लेखा अधिकारी, कर विशेषज्ञ,आंतरिक अंकेक्षक,लेखापाल, लागत लेखा प्रबंधक, स्ट्रेटिजिक प्रबंधक, शेयर बाजार विशेषज्ञ, पूंजी बाजार विशेषज्ञ, वित्तिय बाजार विश्लेषक, ऋण विश्लेषक, निवेश विशेषज्ञ, बीमा विशेषज्ञ सहित विविध पदों पर कार्यरत्त हैं।



## करियर जोन

**सवाल:** दसवीं कक्षा में हूं और आईपीएस बनना चाहती हूं। कैसे तैयारी करनी चाहिए। **अनुष्का रांची**

**जवाब:** सिविल सेवा परीक्षा ग्रेजुएशन के बाद दी जा सकती है। इसके लिए आप अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर सकती हैं। अभी 10वीं में हैं, इसलिए नियमित अखबार पढ़े। इससे करेंट अफेयर और सामान्य ज्ञान बढ़ेगा। अभी 10वीं के ही सोशल स्टडीज और साइंस की पुस्तकों पर जोर दें। यह आगे फायदेमंद होगा।

**सवाल:** बारहवीं साइंस से किया है। सीए की तैयारी करनी है। मेरा अंग्रेजी कमजोर है। कमलेश सिंह रांची

**जवाब:** आप सीए की कॉमन प्रोफीशिएंसी टेस्ट (सीपीटी) दे सकते हैं। इसके बाद ही आप सीए कर पाएंगे। ग्रेजुएशन के बाद आगे की पढाई करना चाहते हैं तो आपको टेस्ट से मुक्ति मिल जाएगी। ग्रेजुएशन के बाद कॉमर्स में 50 प्रतिशत, गणित के साथ ग्रेजुएट होने पर 55 प्रतिशत और बिना कॉमर्स के ग्रेजुएट पर 60 प्रतिशत अंक होने की अनिवार्यता है। इसके बाद, इंटीग्रेटेट प्रोफे शनल कॉ म्पिटेंस कोर्स (आईपीसीसी) में रजिस्ट्रेशन की अनुमति मिल जाती है। अंग्रेजी से डरे नहीं नियमित अभ्यास करें।

**ई-मेल**

career.kmantra@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं आपके सवाल का जवाब हम खबर मन्त्र में प्रकाशित करेंगे।

**जीवीएस शास्त्री**

# सफलता की चाभी आपकी पांच आदतें

जीवन में कुछ बनना चाहते हैं या कोई नौकरी पाना चाहते हैं तो कुछ ऐसी आदतें जरूर अपनाएं जो आपको रोज कुछ बेहतर बनाते हों। यहां हम जो कुछ बातें बता रहे हैं उन्हें अपनाकर अपने व्यवसाय या नौकरी में भी उन्नति पा सकते हैं-

1- आलोचना को सकारात्मक लें। जरूरी नहीं कि अगर कोई आपके काम की या तरीके की आलोचना कर रहा है तो वह आपसे चिढ़ता होगा। ऐसा भी हो सकता है सच में आपको खुद में कुछ सुधार लाने की जरूरत हो।



2- किसी भी काम की पहले से करें तैयारी। किसी भी काम को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि आप के उसके बारे में पहले से सोच विचार कर लें और उसके सभी जरूरी पहलुओं को समझ लें। हो सके तो काम प्लान पहले अपने दिमाग में तैयार कर लें, फिर उस काम को शुरू करें। ऐसा करेंगे तो निश्चित रूप से आपको सफलता मिलेगी।

3- हर समस्या का समाधान करने वाला बनें न किया समस्याओं को लेकर शिकायत करने वाला।

4- आत्मनिर्भर और भरोसेमंद रहें। अपना कोई भी काम दूसरे पर न छोड़ें क्योंकि ऐसा करने से आपकी कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है। जब कभी किसी काम को नहीं कर पाते तो जिसने आपको काम दिया है उसे इसके बारे रिपोर्ट करें। साथ की कभी आप बीमार होते हैं तो अपने बॉस को सूचित करने के बाद ही छुट्टी करें।

5- गॉसिप न करें। कई बार कुछ मौका मिलने पर लोग अपने दोस्तों से एक दूसरे के बारे में बातें करने लगते हैं जिसका करियर पर गलत असर पड़ता है। हो सकता है कि जिसके बारे में आप बातें कर रहें हों कोई उससे बता दे कि आप क्या -क्या बोल रहे थे।